दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 2 | अंक: 297 जयपुर, शुक्रवार, 06 अक्टूबर, 2023 | आश्विन, कृष्ण पक्ष- सप्तमी, विसं 2080 पृष्ठ: 12 | मूल्य: 2.00

## लाल डायरी पर सियासत: पीएम मोदी बोले- काले कारनामे, सीएम का जवाब-भाजपा की ही साजिश हुई फ्यूज

# भाजपा की सरकार बनने पर लाल डायरी के राज खोलेंगे

- मैं सरकारी कार्यक्रम में आया, गहलोत इसमें नहीं आए
- मैं भी कहता हूं, आप विश्राम कीजिए... अब हम संभाल लेंगे।



बेधड़क | जयपुर

जोधपुर में गुरुवार को जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल डायरी का मामला उठाते हुए कहा कि उस डायरी में दर्ज कांग्रेस सरकार के काले कारनामों का राज खुलेगा।

भाजपा की सरकार बनने पर लाल डायरी के राज खोलेंगे और कार्रवाई करेंगे। मोदी ने कहा कि कांग्रेस सरकार राजस्थान में पांच साल में एक कदम भी नहीं चली हैं। यहां सिर्फ कुर्सी का खेल चलता रहा और कांग्रेस के नेता प्रदेश को लूटने में लगे रहे। लोग कहते हैं कि लाल डायरी में कांग्रेस के हर भ्रष्टाचार की काली करतूत लिखी है। इसके राज खुलने चाहिए, लेकिन कांग्रेस ऐसा नहीं होने देगी। इसलिए, भाजपा की सरकार लाइए। पीएम मोदी ने कहा कि अभी एक सरकारी कार्यक्रम में आया हूं, लेकिन इसमें गहलोत गायब थे। क्योंकि उनको भरोसा है कि मोदी आया है तो सब ठीक हो जाएगा। मैं भी उनको कहता हूं कि आप विश्राम कीजिए, अब हम संभाल लेंगे।

### भाजपा आएगी, गुंडागर्दी रुकवाएगी

मोदी ने कहा कि अपराधियों ने कितनी ही मासूम बेटियों को हमसे छीन लिया है। ऐसी न जाने कितनी ही वारदातें बेलगाम अपराधों की सच्चाई बता रही हैं। राजस्थान अब यह नहीं सहेगा। भाजगा आएगी, दंगे रुकवाएगी, गुंडागर्दी रुकवाएगी और महिला सुरक्षा लाएगी। मोदी बोले कि जोधपुर जब दंगों में जल रहा था तब यहां के रहने वाले मुख्यमंत्री क्या कर रहे थे? जहां कानून व्यवस्था चौपट होती है, वहां कोई निवेश नहीं करता है। क्या कांग्रेस की पहली और आखिरी नीति सिर्फ और सिर्फ तुष्टीकरण ही है? क्या रामनवमी परशुराम जयंती, हनुमान जयंती, कोई भी त्योहार ऐसा नहीं है जिसमें राजस्थान में पत्थर बाजी की खबरें ना आती हों। जोधपुर में कांग्रेस की विधायक खुद कहती हैं कि कोई सुरक्षित नहीं है।

### पानी के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरा

पीएम मोदी ने कहा कि हिंदुस्तान में कई राज्य हैं जहां एक राज्य का दूसरे राज्य के बीच पानी का विवाद है। एक बूंद पानी एक राज्य दूसरे राज्य को देने को तैयार नहीं है, लेकिन भाजपा का चरित्र देखिए, जब गुजरात में भाजपा की सरकार थी, तब नर्मदा के पानी की राजस्थान को जरूरत थी। हमने एक झटके में नर्मदा का पानी राजस्थान को उपलब्ध करवाया। 4 वर्ष में देश भर के 10 करोड़ नए परिवारों का तक पाइप से पानी पहुंचा है। जबकि यहां की कांग्रेस सरकार उस तेजी से काम करने ही नहीं दे रही है, जिस तेजी से काम हम करना चाहते हैं। यहां तो पानी की योजना में भी भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है।

### पेपर लीक माफिया को सख्त सजा दिलाएंगे

कांग्रेस के पेपर लीक माफिया ने यहां के लाखों युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया हैं भाजपा आएगी तो पेपर लीक माफियाओं को सख्त सजा दिलाएगी।

■ पेज 2 भी देखें

# भाजपा हेडक्वार्टर में रचा लाल डायरी का षड्यंत्र

- मेरी सरकार को पांच साल तक डिस्टर्ब किया गया
- पीएम पद की गरिमा होती है, मोदी को समझना चाहिए



बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जयपुर में मोदी पर पलटवार करते हुए कहा कि लाल डायरी को लेकर भाजपा ने ऐसा षड्यंत्र किया, जो फ्यूज हो गया। भाजपा के हेडक्वार्टर में बैठकर यह षड्यंत्र मेरी सरकार गिराने को लेकर रचा गया। पांच साल तक मेरी सरकार को डिस्टर्ब किया। इनकी करतूतों के कारण 40 दिनों तक विधायक होटलों में रहे। भाजपा के लोग सत्ता में रहने लायक नहीं हैं। ये लोग चुनी हुई सरकारों को गिरा रहे हैं। इन्हें कहीं भी सत्ता में रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, कर्नाटक में इन्होंने चुनी हुई सरकारों को गिराया। फिर चुनाव का मतलब क्या रह जाएगा? मैं इनसे पूछना चाहता हूं कि आने वाले वक्त में चुनाव करवाना चाहते हो या नहीं?

### मोदी और राजे अपने झगड़े में प्रदेश को कर रहे बर्बाद

गहलोत ने कहा कि सांचौर में राजे ने मीटिंग की थी। उसके एक किलोमीटर दूर गुजरात में मोदी जब सीएम थे, तो उन्होंने मीटिंग रखी। इनका झगड़ा उस वक्त से शुरू हो गया था और ये अपने झगड़े में राजस्थान को बर्बाद कर रहे हैं। उधर, मोदी पानी भेजने के बैठक कर रहे थे, इधर उद्घाटन हो रहा था। हम भाजपा की योजनाओं को बंद नहीं कर रहे हैं। ईआरसीपी इनकी योजना थी। उसे हम आगे बढ़ा रहे हैं। केंद्र ने मध्य प्रदेश को भड़काकर ईआरसीपी के तहत बांध बनवाने का काम रुकवाने का प्रयास किया। झगड़ा राजे और हाईकमान के बीच का है। इसका नतीजा राजस्थान की जनता क्यों भुगते। लोकतंत्र में यह अच्छी बात नहीं है। ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा देने का वादा करके भी पीएम मोदी ने इसे लागू नहीं किया।

### गुजरात में हो रहे पेपरलीक, मोदी को उसकी चिंता नहीं

सीएम गहलोत ने कहा कि मोदी के राज्य गुजरात में कितने पेपर लीक हो रहे हैं, उनको चिंता नहीं है। उनके खुद के राज्य की क्या स्थिति है? किस राज्य में पेपर लीक नहीं होते बता दीजिए। उन्होंने गुजरात में मुझे बदनाम कर दिया। मैं जब वहां पर प्रभारी था तो कहा कि गहलोत गुजरात को पानी नहीं आने दे रहा है। अब उनकी जिस तरह की बोलने की स्टाइल है, उसे आप जानते हैं। मोदी मार्केटिंग के गुरु हैं। हम बातें कम और काम ज्यादा करने में विश्वास रखते हैं।

### पीएम को कौन देता है गलत जानकारी?

गहलोत ने कहा कि जोधपुर में कोई नहीं मरा, केवल तनाव हुआ था, पता नहीं पीएम को कौन गलत जानकारी देता हैं। मुझे अफसोस है यह कहते हुए आज प्रधानमंत्री ने जोधपुर में कहा कि जब लोग मर रहे थे जोधपुर में तो मुख्यमंत्री कहां थे? यहां एक आदमी मरा नहीं, सांप्रदायिक तनाव जरूर हुआ था करौली और जोधपुर में। साल भर तक देश भर में मीडिया दंगे की बात चलाता रहा। इन्होंने इस प्रकार राजस्थान को बदनाम करने का ठेका ले रखा है। पीएम को समझना चाहिए कि प्रधानमंत्री पद की गरिमा होती है।

## जरूरी खबर

### वनडे वर्ल्ड कप: इंग्लैंड न्यूजीलैंड से 9 विकेट से परास्त



एजेंसी | अहमदाबाद

वर्ल्ड चैंपियन इंग्लैंड की टीम को वर्ल्ड कप 2023 के आगाज मैच में ही करारी हार का सामना करना पड़ा है। न्यूजीलैंड की टीम ने वर्ल्ड कप 2023 का आगाज मैच 9 विकेट के अंतर से जीता। टॉस हारकर इंग्लैंड ने 283 रनों का टारगेट दिया था और कीवी टीम ने इसे 36.2 ओवर में हासिल कर लिया। न्यूजीलैंड की ओर से डेवन कॉनवे और रचिन रविंद्र ने शतकीय पारियां खेली और मैच एकतरफा कर दिया।


# उदयपुर के कारोबारियों के ठिकानों पर आयकर छापे

- देर रात तक जारी रही कार्रवाई
- अघोषित आय का खुलासा!

बेधड़क | जयपुर

आयकर विभाग ने गुरुवार को उदयपुर के दो भू-कारोबारियों और फाइनेंस से जुड़े व्यापारियों के घर पर छापे मारे। जयपुर की विभाग की टीम के सौ से अधिक सदस्य उदयपुर के सेक्टर 11 और सेक्टर 14 स्थित आवासों के अलावा कारोबारियों के अन्य ठिकानों की तलाशी में जुटे रहे। इसके अलावा अन्य कुछ भू-कारोबारी और फाइनेंस से जुड़े व्यापारी भी आयकर विभाग के निशाने पर हैं और उनके यहां भी सर्च की कार्रवाई देर रात तक जारी रही।

मिली जानकारी के अनुसार उदयपुर की दो बड़े रियल एस्टेट कंपनी आर्ची ग्रुप ऑफ बिल्डर्स मीनाक्षी प्राइम प्रॉपर्टी एंड फिनलीज और होटल व खनन कंपनी बुला कंस्ट्रक्शन पर छापा पड़ा हैं। इन तीनों कंपनियों के निदेशकों की नींद खुलने से पहले ही आयकर विभाग की टीमें उनके घर और कार्यालयों पर पहुंच गई। आयकर विभाग की टीमें गुरुवार सुबह मीनाक्षी प्रॉपर्टी के मालिक शांतिलाल जैन और आर्ची ग्रुप के मालिक ऋषभ भाणावत के घरों पर कार्रवाई की। वहीं नरेश बुला फाइनेंस कारोबारी के भी छापेमारी हुई। घर के अलावा अन्य प्रतिष्ठानों पर भी आयकर विभाग की टीम जांच में जुटी रही। इसके अलावा अन्य कई व्यापारियों के ठिकानों पर विभागीय जांच जारी है।



### टीमें खंगाल रहीं दस्तावेज

बताया गया कि दोनों प्रमुख भू कारोबारियों के सेक्टर-14 और सेक्टर-11 स्थित मकानों पर टीम उनके कारोबार और आय से जुड़े दस्तावेज खंगाल रही हैं। इसके साथ ही भू-कारोबारी, फाइनेंस और प्रॉपर्टी व्यवसायियों से इस संबंध में पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने शहर के अन्य कारोबारियों के ठिकानों पर भी कार्रवाई की सूचना है।

### रियल एस्टेट कारोबारियों में मच गया हड़कंप

यह सूचना जैसे ही उदयपुर शहर के अन्य बड़े रियल एस्टेट कारोबारियों तक पहुंची तो उनमें हड़कंप मच गया। इन तीनों ही रियल एस्टेट कंपनियों से शहर की कई अन्य कंपनियां जुड़ी हुई हैं, ऐसे में इस मामले में कई कारोबारियों के जांच के दायरे में आने की संभावना है। यह पूरी कार्रवाई असिस्टेंट कमिश्नर जेएस राव के नेतृत्व में चल रही है। जो देर रात तक जारी रही।

## सीएम गहलोत की एक और सौगात

# राजस्थान के 10,528 संविदाकर्मी होंगे नियमित

- मनरेगा के 4,966 और मदरसा बोर्ड के 5,562 कार्मिक होंगे नियमित



बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बड़ा फैसला करते हुए राज्य में राजस्थान कॉन्ट्रेक्चुअल हायरिंग टू सिविल पोस्ट्स रूल्स-2022 के तहत संविदा पर कार्यरत 10,528 कार्मिकों को नियमित करने के लिए नए पदों के सृजन की मंजूरी दे दी है। उन्होंने मनरेगा में कार्यरत 9 वर्ष या इससे अधिक का कार्यानुभव रखने वाले संविदाकर्मियों के लिए 4,966 नए पदों के सृजन की स्वीकृति दी है। इनमें कनिष्ठ तकनीकी सहायक के 1,698, ग्राम रोजगार सहायक के 1,548, डाटा एंट्री सहायक के 699, लेखा सहायक के 622, एमआईएस मैनेजर के 159, सहायक के 150, समन्वयक (अभिसरण एवं मूल्यांकन) के 48, समन्वयक (आई.ई.सी./प्रशिक्षण/पर्यवेक्षण) के 40 और प्रोग्रामिंग एवं एनालिसिस विशेषज्ञ व प्रोग्रामिंग विशेषज्ञ के 1-1 पद शामिल हैं। ये पद ग्रामीण विकास विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में होंगे। इसी प्रकार गहलोत ने राजस्थान मदरसा बोर्ड में भी नौ साल से अधिक का कार्यानुभव रखने वाले संविदाकर्मियों को नियमित करते हुए 5,562 पदों के सृजन का फैसला किया है। नवसृजित पदों में शिक्षा अनुदेशक के 5,220, कम्प्यूटर अनुदेशक के 215, कम्प्यूटर शिक्षा सहयोगी के 88 और शिक्षा सहयोगी के 39 पद शामिल हैं।

### उपराष्ट्रपति धनखड़ आज प्रदेश दौरे पर

**जयपुर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शुक्रवार को एक बार फिर सपत्नीक राजस्थान आएंगे। यहां वे मोदी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, लक्ष्मणगढ़ में विद्यार्थियों को संबोधित करेंगे। अपनी इस एक दिवसीय यात्रा में धनखड़ त्रिवेणी धाम, सांगलिया धूणी और वीर तेजाजी मंदिर में दर्शन भी करेंगे।

### IndiGo के टिकट पर 1000 तक बढ़ा फ्यूल चार्ज

**नई दिल्ली।** इंडिगो एयरलाइन ने एक्सट्रा फ्यूल चार्ज लगाने का ऐलान किया है। इंडिगो ने कहा कि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर बढ़ती एटीएफ कीमतों की भरपाई के लिए टिकट पर फ्यूल चार्ज लगाया गया है, जो 6 अक्टूबर से प्रभावी होगा। इंडिगो के बयान के मुताबिक यह निर्णय एटीएफ की कीमतों में तीन महीने से लगातार वृद्धि के बाद लिया गया है।

## एशियन गेम्स 2023

# आर्चरी में पुरुष और महिला टीमों ने व स्क्वैश के मिश्रित युगल में जीता सोना

- स्क्वैश के मिश्रित युगल में भारत को पहली बार मिला गोल्ड
- 86 पदकों के साथ भारत चौथे और 331 मेडल्स जीत चीन टॉप पर
- हॉकी में स्वर्ण के लिए मौजूदा विजेता जापान से भिड़ंत

एजेंसी | हांगझोउ

यहां चल रहे एशियन गेम्स के 12वें दिन गुरुवार को भारतीय पुरुष कंपाउंड टीम ने फाइनल में दक्षिण कोरिया को 235-230 से हराकर तथा स्क्वैश में दीपिका पल्लीकल-हरिंदर पाल संधू ने मिश्रित युगल में चीन को पछाड़ कर स्वर्ण पदक जीता। बहरहाल, भारत 21 स्वर्ण सहित 86 मेडल्स के साथ चौथे स्थान पर है, जबकि मेजबान चीन अब तक 177 स्वर्ण के साथ 331 पदक जीत टॉप पर है।

आर्चरी मेंस में ओजस प्रवीण देवताले, अभिषेक वर्मा और प्रथमेश जावकर की भारतीय तिकड़ी ने पहले तीन शॉट पर 58, 58 और 59 का स्कोर किया, जबकि चौथे शॉट पर परफेक्ट 60 के साथ स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले आर्चरी वुमेंस कंपाउंड टीम स्पर्धा में भारत की अदिति, ज्योति और परनीत ने शानदार तीरंदाजी की बदौलत अपनी झोली में सोना डाला।



### स्क्वैश: दीपिका और हरिंदर ने रचा इतिहास

स्क्वैश में भारत की दीपिका पल्लीकल और हरिंदर पाल सिंह संधू ने एशियन गेम्स के इतिहास में पहला मिश्रित युगल स्वर्ण पदक जीत इतिहास रचा। हांगझोउ में फाइनल में भारतीय जोड़ी ने मलेशिया के आइफा अजमान और मोहम्मद सयाफिक कमाल को 11-10, 11-10 से हराया। दीपिका-हरिंदर ने केवल दो गेम हारकर एशियन गेम्स 2023 स्क्वैश मिश्रित युगल खिताब जीता। यह दीपिका पल्लीकल का पहला एशियन गेम्स गोल्ड मेडल है, जबकि हरिंदर पाल सिंह संधू ने महाद्वीपीय प्रतियोगिता में अपना तीसरा पदक जीता है।

### टीम इंडिया ने पहली बार जीते 21 गोल्ड

भारतीय एथलीट्स ने इतिहास रच दिया है. दरअसल टीम इंडिया ने 72 सालों के इतिहास में पहली बार 21 गोल्ड मेडल जीते हैं। इससे पहले 2018 में 16 गोल्ड जीते थे। भारत ने इस बार ओवर ऑल मेडल्स की संख्या भी पार कर ली है।

### हॉकी का फाइनल आज शाम 4 बजे जापान से

एशियन गेम्स 2023 हॉकी फाइनल में शुक्रवार को भारतीय पुरुष टीम का सामना मौजूदा चैंपियन जापान से होगा। पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के हांगझोउ के गोंगशू कैनाल स्पोर्ट्स पार्क स्टेडियम में गोल्ड मेडल मुकाबला खेला जाएगा। भारत बनाम जापान एशियन गेम्स 2023 पुरुष हॉकी फाइनल का भारत में सीधा प्रसारण किया जाएगा। इस हॉकी मैच भारतीय समयानुसार शाम 4:00 बजे शुरू होगा।

## जरूरी खबर

### सांभर झील के सीमांकन कार्य की शुरुआत



**जयपुर।** देश की सबसे बड़ी खारी आद्रभूमि सांभर झील का सीमांकन का कार्य शुरू हो गया है। राज्य आद्र भूमि प्राधिकरण की सदस्य सचिव मोनाली सेन ने बताया सांभर झील सर्वाधिक नमक उत्पादन के साथ-साथ पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। झील राज्य में रोजगार एवं अर्थव्यवस्था का भी महत्वपूर्ण भाग है। इसी को मध्यनजर झील के सीमांकन का कार्य शुरू हुआ है। जिसके लिए सीमा चिन्हित करने के उद्देश्य से खंभे लगाए जा रहे हैं। जिससे वन्यजीवों के साथ सांभर झील का भी संरक्षण हो सकेगा।

### राहुल को रावण बताने के विरोध में प्रदर्शन आज

**जयपुर।** राजस्थान में कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भाजपा की ओर से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को रावण रूप में प्रस्तुत करने के विरोध में शुक्रवार सुबह राजधानी जयपुर में प्रदर्शन करेंगे। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के नेतृत्व में सुबह दस बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर पार्टी कार्यकर्ता इकट्ठा होंगे और इसे लेकर भाजपा के खिलाफ प्रदर्शन की शुरुआत करेंगे।

### राजसिको की 371वीं बोर्ड बैठक का आयोजन



**जयपुर।** राजस्थान लघु उद्योग निगम (राजसिको) की उद्योग भवन में गुरुवार को 371वीं बोर्ड बैठक चैयरमेन राजीव अरोड़ा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में कार्यसूची के अनुरूप चर्चा कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस अवसर पर अरोड़ा ने कहा कि राजस्थान हस्तशिल्प एवं दस्तकारों को बढ़ावा देने के लिए राजस्थली एम्पोरियम जयपुर में विक्रय संवर्धक की नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने बताया कि राज्य की लघु उद्योग इकाईयों को बेहतर विक्रय विपणन सहायता प्रदान करने के लिए निगम निदेशकों की कमेटी गठन का फैसला लिया है, जो अपनी रिपोर्ट आगामी बोर्ड बैठक में प्रस्तुत करेंगे।

**मुख्यमंत्री ने किया 12 हजार 700 करोड़ रुपए** के विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण

# विकास को नई दिशा देगा विजन-2030 डॉक्यूमेंट: गहलोत

■ विजन डॉक्यूमेंट की लॉचिंग पर सौगातों की बौछार

बेधड़क | जयपुर



राजस्थान को आगामी 2030 तक देश का अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में प्रदेश की गहलोत सरकार ने गुरुवार को विजन-2030 दस्तावेज जारी कर दिया। प्रदेश के करीब साढ़े तीन करोड़ लोगों के सुझाव से तैयार हुए विजन 2030 डॉक्यूमेंट के लॉचिंग पर मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि तीन करोड़ से अधिक ऑनलाइन और ऑफलाइन लोगों ने प्रदेश के विकास की 2030 के विजन में अपने सुझाव दिए हैं।

ये विजन प्रदेश के विकास को नई दिशा देने वाला महत्वपूर्ण दस्तावेज होगा। इस अवसर पर गहलोत ने महिलाओं, गिग वर्कर्स और कर्मचारियों के लिए भी घोषणाओं का अम्बार लगा दिया। उन्होंने चिकित्सा शिक्षा विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग और जल संसाधन विभाग की करीब 12 हजार 700 करोड़ रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। इनमें चिकित्सा शिक्षा विभाग के 1155.70 करोड़ रुपए के 11 कार्य, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के 4884 करोड़ रुपए के 149, सार्वजनिक निर्माण विभाग के 1328.80 करोड़ रुपए के 27, जल संसाधन विभाग के 5388 करोड़ के 81 कार्य शामिल थे।

### पहली बार गिग वर्कर्स एक्ट बनाया

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में पहली बार गिग वर्कर्स एक्ट लाया गया है, जिससे लाखों गिग वर्कर्स को शोषण से सुरक्षा मिली। उन्होंने कहा कि महंगाई से राहत देने के लिए लाई गई राज्य की योजनाएं पूरे देश में सराही जा रही हैं और इनका अनुसरण किया जा रहा है। घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं को 100 और 2000 यूनिट बिजली निःशुल्क दिए जाने से 1 करोड़ घरेलू उपभोक्ताओं और 14 लाख किसानों का बिल शून्य हो गया है।

### बालिकाओं और महिलाओं को राहत

मुख्यमंत्री ने ओला, उबर, स्विगी, जोमैटो समेत इंटरनेट आधारित कम्पनियों में काम करने वाले गिग वर्कर्स जैसे डिलीवरी बॉय, कैब चालक आदि को हेलमेट, ड्रेस, शूज आदि रोजमर्रा के सामान खरीदने के लिए 5000 रुपए की एकबारीय सहायता देने की घोषणा की। इसके अलावा सभी बालिकाओं और महिलाओं को रोडवेज का मंथली पास बनवाने पर किराये में 90 प्रतिशत छूट की घोषणा की।

### कार्यक्रम में ये भी रहे मौजूद

समारोह में महिला बाल विकास मंत्री ममता भूपेश, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. महेश जोशी, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, अल्पसंख्यक मामलात मंत्री शाले मोहम्मद, कृषि विपणन राज्यमंत्री मुरारी लाल मीणा, श्रम राज्यमंत्री सुखराम विश्नोई, शिक्षा राज्यमंत्री जाहिदा खान, राजसिको चेयरमेन राजीव अरोड़ा, विधायक रफीक खान, अमीन कागजी, गंगा देवी, इंदिरा मीणा सहित जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

**प्रधानमंत्री मोदी की जोधपुर में सभा,** 5500 करोड़ की सौगात दी

# आपके वोट की ताकत प्रदेश को बनाएगी देश में नंबर वन

यमुनाशंकर सोनी| बेधड़क

**जोधपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को एक बार फिर राजस्थान पहुंचे। जहां उन्होंने जोधपुर में करीब 5500 करोड़ रुपए लागत से अधिक की कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और शुभारंभ किया। इसमें सड़क, रेल, विमानन, स्वास्थ्य और उच्च शिक्षा, जोधपुर आईआईटी, एम्स ट्रॉमा सेंटर, एलसेंटर एवं नया एयरपोर्ट टर्मिनल भी शामिल हैं। वहीं इसके बाद रावण का चबूतरा मैदान में जनसभा को भी संबोधित किया।

करीब 38 मिनट के सम्बोधन में पीएम ने पहले तेरह मिनट जहां विकास परियोजनाओं से होने वाले फायदों का जिक्र किया। शेष समय में उन्होंने कुशासन, कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार, पेपर लीक माफिया, महिला सुरक्षा और किसानों की हालत को लेकर राजस्थान की कांग्रेस सरकार को जमकर आड़े हाथों लिया।

पीएम ने अपने भाषण की शुरुआत मां चामुण्डा, अचलनाथ और सिद्धनाथ महादेव के साथ संत रामदेव, गोरां धाय, दुर्गादास राठौड़, अमृतादेवी के साथ वीरों, शहीदों और वीरांगनाओं की भूमि मारवाड़ को नमन के साथ की। उन्होंने कहा कि भाजपा राजस्थान को टूरिज्म में नंबर वन बनाना चाहती है।

मोदी ने कहा कि आपके एक वोट की ताकत से राजस्थान में भाजपा की सरकार बनेगी तभी यह संभव हो सकेगा। आज आधुनिक सड़कों, नई रेल लाइनों का नेटवर्क राजस्थान में बन रहा है। यहां रेल और हवाई अड्डे से जुड़े प्रोजेक्ट भी जोधपुर को, मारवाड़ को मिले हैं। जोधपुर रिंग रोड, जगह-जगह बनने जा रहे बाइपास से आपको जाम से मुक्ति मिलेगी।

■ विज्ञान-वैज्ञानिकों की हौसला अफजाई करने वाली फिल्म देखें: जोशी



### 'द वैक्सीन वॉर' का किया प्रमोशन

कोरोना वैक्सीन पर पीएम मोदी ने कहा कि कोरोना की मेड इन इंडिया वैक्सीन से भी कांग्रेस को तकलीफ हो रही है। भारत के प्रयासों की दुनियाभर में चर्चा हो रही है। मैंने सुना है कि आजकल एक फिल्म आई है 'द वैक्सीन वॉर'। उसमें भारत में कोविड से लड़ाई लड़ने के लिए हमारे देश के वैज्ञानिकों ने जो रात दिन मेहनत की, अपनी लैब में लंबे समय तक साधना की, उन सारी बातों को एक बढ़िया तरीके दिखाया गया है। हर भारतीय को वह फिल्म देखने के बाद गर्व हो रहा है मैं फिल्म बनाने वालों को बधाई देता हूं।

### सीपी जोशी ने कांग्रेस को घेरा

प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने पीएम द्वारा विज्ञान और वैज्ञानिकों की हौंसला आफजाई से प्रेरित होकर ऐलान कि वह राजस्थान में द वैक्सीन वार फिल्म भाजपा कार्यकर्ताओं को दिखाएंगें। साथ ही कार्यकर्ताओ से भी फिल्म देखने का आह्वान किया। वहीं जोशी ने सीएम गहलोत पर निशाना साधते हुए कहा कि मिशन 2030 का विजन डॉक्यूमेंट जारी करने के लिए प्रदेश के मुखिया ने राजस्थान के कई स्वयं सेवी संस्थाओं को आमंत्रित किया है। उसमें पीएफआई जैसे आतंकवादी संगठन को भी राजस्थान के विकास में योगदान के लिए सुझाव देने के लिए बुलाया है जो लिस्ट में 43 वें नंबर पर है। जनसभा के दौरान मंच पर पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, सांसद कैलाश चौधरी, पूर्व सांसद पीपी चौधरी, प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा, विधायक सूर्यकांता व्यास,केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### प्रदेश के कौने-कौने में विकास पहुंचाएंगे

जोधपुर और उदयपुर एयरपोर्ट टर्मिनल के विस्तार का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि नई टर्मिनल बिल्डिंग का काम पूरा होने के बाद जोधपुर एयरपोर्ट की क्षमता दस गुना और उदयपुर एयरपोर्ट की क्षमता आज के मुकाबले तीन गुना बढ़ जाएंगी। सुविधाएं बढ़ेंगी तो पर्यटक भी ज्यादा आएंगे। और जब पर्यटक ज्यादा आएंगे तो टैक्सी वाले भी कमाएंगे, ढाबे वाले और होम स्टे वाले भी कमाएंगे। भाजपा सरकार वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम भी चला रही है। इसके तहत सीमावर्ती गांवों का विकास किया जा रहा है। इसका लाभ भी इस क्षेत्र को होगा। हम राजस्थान के कौने-कौने में विकास को पहुंचाकर रहेंगे।

**कांग्रेस कोर** कमेटी की बैठक आज

# चुनावी तैयारियों और टिकटों पर होगा मंथन

बेधड़क | जयपुर




विधानसभा चुनावों को लेकर तैयारियों में जुटी प्रदेश कांग्रेस की चुनाव कमेटियों की बैठकें जारी हैं। चुनावों के लिए बनाई गई प्रदेश कांग्रेस कोर कमेटी की पहली बैठक शुक्रवार को पीसीसी वॉर रूम में होगी। बैठक कोर कमेटी के संयोजक सुखजिंदरसिंह रंधावा की अध्यक्षता में होगी।

जिसमें कमेटी सदस्य अशोक गहलोत, गोविंद सिंह डोटासरा, जितेंद्र सिंह, सचिन पायलट, हरीश चौधरी, महेंद्रजीत मालवीय, मोहन प्रकाश, डॉ. सीपी जोशी और गोविंद राम मेघवाल भी मौजूद होंगे। बैठक में कोर कमेटी के सदस्य चुनावी रणनीति को लेकर चर्चा करेंगे। वहीं बैठक को लेकर माना जा रहा है कि 9 अक्टूबर को दिल्ली में होने वाली कांग्रेस वर्किंग कमेटी की तैयारियों और टिकट वितरण के फॉर्मूले पर चर्चा होगी। इससे पहले वॉर रूम में दावेदारों के नामों पर कमेटी चर्चा करेगी।

माना जा रहा है कि प्रदेश में कांग्रेस के प्रत्याशियों की पहली सूची नवरात्र में आएगी। सूत्रों की माने तो श्राद्ध पक्ष बाद कांग्रेस उम्मीदवारों के पहली सूची को जारी करेगी।

# भारद्वाज के जन्मदिन पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम

बेधड़क | जयपुर

सांगानेर से कांग्रेस प्रत्याशी रहे पुष्पेंद्र भारद्वाज का जन्मदिवस शुक्रवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। भारद्वाज के जन्मदिन पर उनके सर्मथकों ने कई कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की है। इस अवसर पर कांग्रेस नेता सुबह पांच बजे से ही शहर के प्रमुख मंदिरों में दर्शन करेंगे। वे सबसे पहले मोती डूंगरी गणेश जी, गोविंद देव जी, सांगा बाबा मंदिर, जैन मंदिर, मदन मोहन जी मंदिर के दर्शन कर प्रदेश की खुशहाली की कामना करेंगे। इसके बाद सांगानेर में बनने वाले नए कॉलेज के भवन का उद्घाटन करेंगे। दिन में न्यू सांगानेर रोड रिको कांटे के पास जनसेवा कार्यालय आयोजित रक्तदान शिविर में मौजूद रहेंगे।

**विधानसभा चुनावों में** RLD के साथ कांग्रेस का गठबंधन

# कांग्रेस चाहेगी उतनी ही सीटों पर लड़ेंगे चुनाव: जयंत सिंह

बेधड़क | जयपुर



प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस सहयोगी दलों के साथ गठबंधन में जुटी है। 2018 में राष्ट्रीय लोकदल के साथ गठबंधन से एक सीट जीतने के बाद इस बार भी आरएलडी कांग्रेस की इच्छा पर ही प्रत्याशीचुनावी मैदान में उतारेगी।

गुरुवार को जयपुर आए आरएलडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत सिंह ने चुनावों में कांग्रेस के साथ गठबंधन की घोषणा करते हुए कहा कि कांग्रेस चाहेगी उन्ही सीटों पर आरएलडी चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल राजस्थान में पुरानी स्थापित पार्टी है। लोक दल का हर एक व्यक्ति चाहता है कि उम्मीदवारों का अच्छा चयन हो और चुनाव मैदान में उतरे और जीते। पूरे पांच साल कांग्रेस से के सहयोगी दल रहे हैं और हमारे विधायक ने कांग्रेस की सरकार स्थापित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि उम्मीद करते हैं कांग्रेस पार्टी बड़ा दल है और जो छोटी पार्टियों और सहयोगी दलों को साथ लेकर चले और दोबारा जीत कर आए। गठबंधन की सीटों को लेकर जयंत चौधरी ने कहा कि सीटों की बात को लेकर अभी तक कोई बात नहीं की है।

**आप कार्यकर्ताओं और** पुलिस के बीच झड़प

# संजय सिंह की गिरफ्तारी के विरोध में मोदी सरकार खिलाफ आप का प्रदर्शन

बेधड़क | जयपुर




आम आदमी पार्टी के नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी के विरोध में गुरुवार को आप कार्यकर्ताओं ने प्रदेशभर में प्रदर्शन किया। राजधानी जयपुर में आप कार्यकर्ताओं ने केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बीजेपी कार्यालय की तरफ कूच किया।

इधर पुलिस ने आप कार्यकर्ताओं को बैरीकेड लगाकर भाजपा कार्यालय पहुंचने से पहले बीच रास्ते में ही रोक लिया। इसी दौरान आप कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प हुई। पुलिस आप कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर विद्याधर नगर थाने ले गई। जहां से थोड़ी देर बाद उनको छोड़ दिया गया। प्रदर्शन के बाद आप कार्यकर्ताओं ने एडीएम को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। पार्टी के पदाधिकारियों ने कहा कि केंद्र सरकार की तानाशाही के खिलाफ बोलने और अडानी को लेकर लगातार पीएम मोदी के खिलाफ आवाज उठाने की वजह से केंद्र सरकार संजय सिंह की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है।

संजय सिंह पार्टी के मजबूत इरादों वाले सिपाही हैं, जो केंद्र की मोदी सरकार के सामने न तो झुके हैं और न ही झुकेंगे।

**मुख्यमंत्री ने दिखाई हरी झंडी, 200 एंबुलेंस का लोकार्पण**

# प्रदेश को मिली तीन नए मेडिकल और दो नर्सिंग कॉलेजों की सौगात

■ कांग्रेस सरकार की प्रदेश में चिकित्सा सेवाओं को मजबूत करने की कवायद

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गुरुवार को चिरंजीवी एंबुलेंस प्रोजेक्ट के तहत 200 एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के लिए रवाना किया। इनमें 100 आपातकालीन एंबुलेंस-108 और जननी एक्सप्रेस एंबुलेंस-104 शामिल हैं। इन एंबुलेंस से प्रदेश के गांव ढाणी तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और सुगम होगी। वहीं सीएम ने चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में 1155 करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण भी किया।

प्रदेश के 33 जिलों में सरकारी मेडिकल कॉलेज और नर्सिंग कॉलेज के संकल्प को साकार करने की दिशा में गहलोत ने जालोर, प्रतापगढ़ और राजसमंद में सरकारी मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास किया।

साथ ही मसूदा और रावतभाटा में नए नर्सिंग कॉलेज का शिलान्यास किया। वहीं जोधपुर के मथुरादास माथुर अस्पताल में 100 बिस्तर क्षमता वाले कॉटेज वार्ड एवं ओटी ब्लॉक, एमजी अस्पताल में ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन




विभाग, मातृ एवं शिशु रोग केन्द्र, जयपुर डेंटल कॉलेज में 180 बिस्तर क्षमता के गर्ल्स हॉस्टल का भी शिलान्यास किया गया। साथ ही एमडीएम चिकित्सालय में साइकोलोजिकल काउंसलिंग सेंटर, डूंगरपुर के मेडिकल कॉलेज में 10 बिस्तर क्षमता वाले आईसीयू एवं 10 बिस्तर क्षमता वाले पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड का लोकार्पण किया गया। गौरतलब है कि प्रदेश में 909 एंबुलेंस-108, 600 जननी एक्सप्रेस और 100 ममता एक्सप्रेस को मिलाकर कुल 1609 रेफरल एंबुलेंस वाहन संचालित हैं।

### पुलिस बेड़े में शामिल होंगे 100 फर्स्ट रेस्पॉन्स व्हीकल

वहीं सीएम गहलोत ने गुरुवार को सीएमआर से 100 फर्स्ट रेस्पॉन्स व्हीकल (एफआरवी) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वाहन विभिन्न जिलों के पुलिस बेड़े में शामिल किए जाएंगे। इन सभी वाहनों को आधुनिक मोबाईल डाटा टर्मिनल (एमडीटी), कैमरा, एनवीआर, वायरलेस सेट, जीपीएस पब्लिक एड्रेस सिस्टम, फर्स्ट एड बॉक्स, स्ट्रेचर, हेलमेट एवं अन्य आपातकालीन उपकरणों से लैस किया गया है। यह वाहन कमाण्ड कंट्रोल सेन्टर्स में ईआरएस डायल 112 से जुड़े रहेगें तथा इनकी वास्तविक लोकेशन को ट्रैक भी किया जा सकेगाइस अवसर पर जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री महेश जोशी, डीजीपी उमेश मिश्रा, डीजी एससीआरबी रवि प्रकाश मेहरड़ा और एडीजी शरत कविराज उपस्थित रहे।

### विकास कार्यों का किया शिलान्यास

सीएम गहलोत गुरुवार को सीएमआर से वीसी के माध्यम से जोधपुर में 164.75 करोड़ रुपए के विकास कार्यों के शिलान्यास-लोकार्पण समारोह को संबोधित किया। इस दौरान उनके साथ नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल भी मौजूद रहे। गहलोत ने डूंगरपुर में बांसवाड़ा-डूंगरपुर सीमा पर बोरेश्वर मंदिर के निकट माही नदी पर दो लेन का पुल और इसके दोनों ओर पहुंच मार्ग के निर्माण के लिए 75.31 करोड़ रूपए मंजूर किए हैं। यह पुल एसआरएफ-एमडीआर योजना के तहत बनाया जाएगा

**जरूरी खबर**

### अनशन पर बैठे दो नर्सेज नेताओं की तबीयत बिगड़ी



**जयपुर।** राजस्थान नर्सेज संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले सात दिन से आमरण अनशन कर रहे नर्सेज नेता राजेंद्र सिंह राणा और केके यादव की तबीयत गुरुवार को खराब हो गई। दोनों नेताओं को प्रशासन ने एसएमएस अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया, दोनों नेता आईसीयू में भी अनशन पर ही है। नर्सेज नेता नरेन्द्र सिंह शेखावत, पुरुषोत्तम कुंबज ने बताया कि नर्सेज की वादाखिलाफी के कारण प्रदेश के सभी नर्सेज में भारी आक्रोश है। इस अवसर पर प्यारे लाल चौधरी, भूदेव धाकड़, पवन मीणा, धन्ना राम नैन, महीपाल सामोत, शक्ति सिंह गुर्जर आमरण अनशन पर बैठे हैं।

### चार आरपीएस अधिकारियों का हुआ तबादला



**जयपुर।** राज्य सरकार ने गुरुवार को चार उप अधीक्षक स्तर के आरपीएस पुलिस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। कार्मिक विभाग के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ने आदेश जारी कर मृत्युंजय मिश्रा को उप अधीक्षक यातायात पाली, राजेश कुमार विद्यार्थी को वृत्तधिकारी झाड़ोल उदयपुर, फूलचंद मीणा को वृत्ताधिकारी दौसा और कालूराम मीणा को सहायक आयुक्त बस्सी के पद पर लगाया है। वहीं, आरपीएस कैलाश जिंदल और रुद्र प्रकाश शर्मा का तबादला रद्द कर दिया है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**जीतो कनेक्ट:** राजस्थान और असम के राज्यपाल करेंगे उदघाटन, सीएम गहलोत सहित कई नेता होंगे शामिल

# विशेषज्ञ सिखाएंगे व्यवसाय के गुर, बहेगी ज्ञान की गंगा

**बेधड़क** | जयपुर





जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन-जीतो का महाकुंभ इस बार जीतो कनेक्ट-2023 के नाम से जयपुर में होने जा रहा है। सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र स्थित जयपुर एग्जिब्यूशन एण्ड कंवेंशन सेंटर-जेईसीसी में होने वाले इस तीन दिवसीय आयोजन में विश्व भर के करीब एक लाख 20 हजार प्रतिनिधियों के आगमन की उम्मीद हैं। जीतो कनेक्ट में आपसी मुलाकातों के साथ विषय विशेषज्ञ व्यवसाय विकास के गुर के साथ ज्ञान की गंगा भी बहाएंगे। आयोजन स्थल जेईसीसी गुरुवार शाम को दुल्हन की तरह सज कर शुक्रवार को जीतो कनेक्ट की होने वाली शुरुआत के लिए तैयार है। शुक्रवार सुबह 10 बजे राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र और असम के राज्यपाल गुलाब चन्द कटारिया जीतो कनेक्ट की शुरुआत करेंगे।

### लोगों की सुविधाओं पर भी खास ध्यान

शिक्षा, रोजगार, आवास, चिकित्सा, कारोबार आदि अनेक क्षेत्रों में सक्रिय जीतो ने जीतो कनेक्ट-2023 से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए स्थानीय लोगों की सुविधाओं पर भी खास ध्यान दिया है। जीतो कनेक्ट आयोजन स्थल पर स्थानीय स्तर पर चार स्थानों से निशुल्क शटल सेवाओं की उपलब्धता रहेगी। जीतो कनेक्ट में जैन-अजैन सभी के लिए निशुल्क पंजीयन की सुविधा रखी गई है। इस आयोजन को सफल बनाने में जैन समुदाय से जुड़े सभी संगठन कंधे से कंधा मिला कर कार्य कर रहे हैं।

### कुमार विश्वास भी आएंगे

जीतो कनेक्ट-2023 में एक साथ विभिन्न सत्रों का आयोजन होगा। मुख्य आयोजन कन्वेंशन हॉल में होगा, जहां उदघाटन सत्र के बाद प्रसिद्ध कवि डॉक्टर कुमार विश्वास सुबह 11 बजे से "जीवित किंवदंती की विशेषता" विषय पर अपना संबोधन प्रस्तुत करेंगे। इसके बाद इसी हॉल में भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास को लेकर आशीष कुमार चौहान और मेक इन इण्डिया की भूमिका को लेकर उद्योगपति नवीन जिंदल का सत्र होगा। इसके समानान्तर शुक्रवार को ही जेईसीसी ऑडिटोरियम में व्यवसाय में तकनीकी के उपयोग, लर्न-अर्न-रिटर्न, आरआरआर, पावर ऑफ ब्रदर्स, आइडिया टू आईपीओ आदि सत्रों का तथा यूअर नेटवर्क इज युअर नेटवर्थ, एआई मॉडल्स ऑफ सक्सेस इन बिजनेस, बिजनेस अपॉच्युनेटी बाई लीडिंग कॉरपोरेट्स, फ्रेंचाइजी आदि को लेकर तकनीकी सत्र होंगे। शुक्रवार को युवाओं के लिए विशेष कार्यक्रम रखे गए हैं, जिनमें व्यापारी टू सीईओ और महज 25 मिनट में 50 बिजनेस कॉन्टैक्ट विकसित करने पर होने वाला खास सत्र है। इसके अलावा इण्डस्ट्री समूहों की मीटिंग, इंटरजोन मीटिंग व मेट्रीमोनियल पैवेलियन में भी विशेष कार्यक्रम होंगे।

### सीएम और बाबा रामदेव होंगे साथ

7 अक्टूबर को कन्वेंशन हॉल में सुबह 10 बजे यहां मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और 11 बजे यहां योग गुरु बाबा रामदेव का संबोधन होगा, दिन में शेयर बाजार के विभिन्न पहलुओं और महिला सशक्तिकरण आदि को लेकर विशेषज्ञ अपने विचार रखेंगे और दोपहर बाद फिल्म अभिनेत्री विद्या बालन का विशेष सत्र होगा। इसी तरह अन्य पैवेलियनों में भी विशेष तकनीकी सत्रों का आयोजन होगा।

**मंत्री धारीवाल ने किया झोटवाड़ा आरओबी का लोकार्पण**

# पांच साल बाद हुई सुगम राह अब नहीं झेलना पड़ेगा जाम

**बेधड़क** | जयपुर




आखिर पांच साल बाद झोटवाड़ा के लाखों लोगों की राह सुगम हो ही गई। गुरुवार को जैसे ही झोटवाड़ा के निवारू रोड पुलिया से लेकर अम्बाबाड़ी तक बने नवनिर्मित आरओबी पर यातायात चलने लगा तो पुराने आरओबी पर लगने वाली वाहनों की लंबी कतार एक दम से गायब हो गई। इस आरओबी पर जेडीए और यातायात पुलिस ने वन वे यातायात को शुरू किया है। जेडीए और पुलिस की बनाई व्यवस्था के अनुसार आरओबी पर निवारू रोड और लता सर्कल की ओर से आने वाले वाहन अम्बाबाड़ी और सीकर रोड की तरफ जाएंगे। नगरीय विकास, आवासन एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल ने गुरूवार को वर्चुअल रूप से आरओबी के प्रथम फेज का लोकार्पण किया। इस दौरान विधायक नरपत् सिंह राजवी, जेडीए आयुक्त जोगाराम, ग्रेटर निगम आयुक्त बाबूलाल गोयल, पुलिस उपायुक्त यातायात प्रहलाद कृष्णियां, निदेशक अभियांत्रिकी देवेन्द्र गुप्ता, परियोजना के अतिरिक्त मुख्य अभियंता संजीव जैन सहित व्यापार मण्डल के पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### शेष निर्माण कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश

उद्घाटन समारोह के दौरान मंत्री धारीवाल ने आरओबी के बचे हुए निर्माण को भी जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि झोटवाड़ा एवं आस-पास के क्षेत्र में आवागमन के लिए उपलब्ध वर्तमान ब्रिज की चौड़ाई कम होने के कारण जाम लगा रहता था। स्थानीय निवासियों की नवीन आरओबी की मांग आज इस आरओबी की सौगात दी गई है। परियोजना का शिलान्यास वर्ष 2018 में किया गया था, जिसे कांग्रेस सरकार ने पूरा किया गया है। बाकि काम को भी इसी साल में पूरा करने के निर्देश दिए है।

### दस लाख लोगों की राह होगी सुगम

आरओबी बनने ये झोटवाड़ा क्षेत्र के निवासियों सहित करीब 10 लाख लोगों को सुगम यातायात की सुविधा मिलेगी। नए आरओबी के निर्माण में करीब 642 मकान/दुकान प्रभावित थीं, जिनका पुनर्वास निवारु रोड़ पर ज्योतिबा फूले रिटेल योजना और हाथौज करधनी विस्तार योजना में आवंटन किया है। परियोजना का 83 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है और परियोजना पर 108.64 करोड़ रूपए का काम हो चुका है। फेज- एक में निवारु टी-जंक्शन से अम्बाबाड़ी तक काम पूरा हो गया है।

### ऐसे होगा यातायात का संचालन

जेडीए आयुक्त डा. जोगाराम ने बताया कि पुराने आरओबी की चौड़ाई कम होने से पानीपेच से कालवाड़ पुलिया तक जाम की समस्या बनी रहती थी। परियोजना के नए भाग पर यातायात डायवर्ट करने से लता सर्किल से अम्बाबाड़ी तक सुविधा होगी और पानीपेच से कालवाड़ की तरफ जाने वाले यातायात को भी जाम का सामाना नही करना पड़ेगा, क्योंकि लता सर्किल से अम्बाबाड़ी जाने वाला यातायात नए आरओबी का प्रयोग करेगा। इस कारण राव शेखाजी सर्किल पर यातायात का दबाव कम हो जायेगा। वहीं परियोजना के शेष निवारु रैम्प से पंचायत भवन के मध्य के भाग को जल्द पूरा कर लिया जाएगा।

### परियोजना की फैक्ट फाइल

- परियोजना की कुल लम्बाई - 2450 मीटर
- आरओबी की कुल लम्बाई - 2260 मीटर
- वायडक्ट की लम्बाई - 1920 मीटर
- निवारु रैम्प से अम्बाबाड़ी तक लम्बाई - 1540 मीटर
- आरओबी की कुल चौड़ाई - 3 लेन (10.50 मीटर)
- 2 लेन (7.50 मीटर)
- 1 लेन (5.50 मीटर)

**पैलेस ऑन व्हील का फेम टूर आज**

# जयपुर से अजमेर एवं पुष्कर जाएगी शाही ट्रेन




**बेधड़क** | जयपुर

शाही रेलगाड़ी पैलेस ऑन व्हील 6 अक्टूबर को फेम टूर के तहत अजमेर एवं पुष्कर आएगी। आरटीडीसी की ओर से संचालित पैलेस ऑन व्हील्स को ओ एंड एम पर देने के बाद क्यूब कंट्रक्शन कंपनी द्वारा करवाए जा रहे फेम टूर को जयपुर में प्रातः 8 बजे गांधीनगर रेलवे स्टेशन से आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेन्द्र राठौड़ हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करने के साथ ही इसमें यात्रा भी करेंगे।

राजस्थान पर्यटन निगम विकास निगम के अध्यक्ष एवं राज्यमंत्री धर्मेंद्र राठौड़ ने बताया कि शाही रेलगाड़ी पैलेस ऑन व्हील 6 अक्टूबर को जयपुर से पुष्कर के लिए रवाना होगी। जयपुर, किशनगढ़, मदार अजमेर होती हुई पुष्कर पहुंचेगी। पैलेस ऑन व्हील को आरटीडीसी द्वारा ओएडएम पर दिए जाने के बाद क्युब कंट्रक्शन कम्पनी द्वरा फेम टूर करवाया जा रहा है। दर सजावट और राजपूताना संस्कृति से सुसज्जित 14 डिब्बे है। जिसमें लगभग 82 मेहमानों को भ्रमण कराया जा सकता है। इस प्रमोशनल टूर में ब्लोगर, वरिष्ठ पत्रकार, एवं टूरिज्म से जड़े दिग्गज शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि जयपुर से सुबह 8 बजे चलकर, किशनगढ़ में प्रातः 10 बजे पहुंचेगी, जहां मार्बल टूरिज्म का भ्रमण करवाया जाएगा, प्रातः 11 बजे मदार स्टेशन, अजमेर पहूंचेगी, अजमेर में प्रातः 11:05 से दोपहर 01:45 बजे तक अजमेर के विभिन्न पर्यटन स्थलों का भ्रमण करवाया जाएगा।

इसके पश्चात 01:45 बजे अजमेर से पुष्कर के लिए प्रस्थान करेंगे, दोपहर को 02:45 बजे शाही रेलगड़ी पुष्कर पहुंचेगी, पुष्कर में ब्रह्मा मंदिर दर्शन, पवित्र सरोवर पुष्कर में पूजा एवं आरटीडीसी होटल सरोवर में पत्रकार एवं पुष्कर के प्रबुद्धजनों के साथ चर्चा करेंगे। सायं 06:00 बजे वापस पुष्कर से चलकर रात्रि 11:00 बजे जयपुर आएगी।

**आर्थिक अपराध न्यायालय ने सुनाई सजा**

# सोना तस्कर और सहयोगी को जेल

**बेधड़क** | जयपुर

शारजाह से जयपुर पहुंची एयर अरेबिया की उड़ान से 12 किलो से अधिक सोना लाने के आरोपी यात्रियों और सोने को ठिकाने लगाने में सहयोग करने वाले चार आरोपियों को अदालत ने गुरुवार को जेल भेजने के आदेश दिए। दरअसल जवाहर सर्किल पुलिस के पास शारजांह की उड़ान से सोना लाने और इस सोने को सड़क मार्ग से जयपुर से बाहर ले जाने की गुप्त सूचना थी। पुलिस ने नाकाबंदी कर दो वाहनों को रोका और इसमें सवार विमान यात्रियों और उनके सहयोगियों को पकड़ कर 12 किलो 467 ग्राम सोना बरामद किया। इसके बाद कस्टम्स ने बयान लिए व इन्हें गिरफ्तार कर गुरुवार को आर्थिक अपराध न्यायालय जयपुर में पेश किया, जहां न्यायाधीश रामकन्या सोनी ने सभी 6 आरोपियों को 19 अक्टूबर तक जेल भेजने के आदेश दिए। अदालत में कस्टम्स निरीक्षक नानक गुप्ता की ओर से पेश दस्तावेज के अनुसार विमान यात्री नंदलाल लक्ष्मणगढ़ तहसील जिला सीकर व मो. अयूब पुत्र सीकर शारजाह की उड़ान से 2 अक्टूबर को सोना छिपाकर जयपुर लाए थे। तस्करी में सहयोग कर रहे बीकानेर के जीशान, लालगढ़ बीकानेर के सोहन सिंह, सीकर के खलील, सीकर के इरफान खान को भी अदालत में पेश किया था।

### एनिमल डे पर किया जागरूक



*जयपुर। वर्ल्ड अनिमल डे पर गुरुवार शाम को हाथ में बैनर लिए, स्टैचू सर्किल पर बहुत सारी लोग चक्कर लगाकर आवारा एवं जंगली जानवरों के हक के लिए आम लोगों को जागरूक कर रहे थे। इनका कहना था, जानवर बोल नहीं सकते इसलिए जानवरों का सहयोग एवं उनके अधिकारों की रक्षा हर इंसान को करनी चाहिए। सुंदर संसार के लिए जानवरों का होना भी अति आवश्यक है जानवर प्रकृति प्रेमी एवं सहायक होते हैं।*

*-फोटो: राजेश कुमावत*

**एसीबी ने छह आरोपियों के खिलाफ 2800 पेज की चार्जशीट पेश की**

# पीएचईडी अफसर लेते थे बिल पास करने और टेंडर देने का 8% कमीशन

**ओमप्रकाश शर्मा** | बेधड़क

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने जल जीवन मिशन घोटाले में बिलों का भुगतान करने की एवज में 2.20 लाख रुपए की घूस लेने वाले पीएचईडी के अधिकारियों, ठेकेदार व दो अन्य के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश कर दिया है।

एसीबी की जांच में घूस के और फर्मों को करोड़ों रुपए का फायदा पहुंचाने के लिए खुलासा हुआ है। पीएचईडी के अधिकारी फर्मों को टैंडर, तकनीकी स्वीकृति जारी करने, मौका निरीक्षण रिपोर्ट तैयार करने और बिलों का भुगतान करने के लिए 8 फीसदी कमीशन लेते थे। बिलों का भगुतान करने के लिए 2 से 3 फीसदी कमीशन लेते हैं। एसीबी ने फिलहाल आरोपी एक्सईएन मायालाल सैनी, एईएन राकेश कुमार, जेईएन प्रदीप कुमार, ठेकेदार पदमचंद जैन और उसकी कंपनी के दो कर्मचारी मलकेत सिंह व प्रवीण कुमार के खिलाफ चालान पेश किया है।

इस मामले में तीन नामजद आरोपी फरार है तो 10 से ज्यादा अफसर-कर्मचारी एसीबी की रडार पर है। गिरफ्तार आरोपियों ने ठेकेदार से 7 व 8 रनिंग बिल करीब 1.42 करोड़ रुपए का भुगतान करने की एवज में 2:20 लाख रुपए की घूस ली थी।

एसीबी अब अन्य अधिकारियों की भूमिका और जल जीवन मिशन योजना में हुए घोटाले की जांच करेंगे।




### 70 लाख का फायदा पहुंचाया

एसीबी की जांच में सामने आया कि पीएचईडी ने श्याम ट्यूबवैल कंपनी व गणपति ट्यूबवैल कंपनी को बहरोड़ इलाके में जल जीवन मिशन योजना के तहत पाइप लाइन डालने के करोड़ों रुपए के टैंडर दिए थे। कंपनी द्वारा तय समय में काम पुरा नहीं किया था। ऐसे में कंपनी के बिलों से 1 करोड़ रुपए की नियमानुसार कटौती करनी थी, लेकिन अफसरों ने घूस लेकर 30 लाख रुपए की ही कटौती की और 70 लाख रुपए का फायदा दे दिया।

### पदमचंद तय करता था कमीशन

एसीबी की पड़ताल में सामने आया कि आरोपी ठेकेदार पदम चंद ही पीएचईडी के सभी अफसरों की कमीशन की राशि तय करता था। वह ठेकेदारों और अफसरों से बात करता था कि किस-किस अफसरों को कितना फीसदी देना है। यह बात सर्विलांस के दौरान पदमचंद द्वारा अफसरों व ठेकेदारों से फोन पर हुई बातचीत में सामने आया है।

### 1 करोड़ रुपए का ज्यादा भुगतान किया

एसीबी द्वारा कोर्ट में पेश की चार्जशीट में सामने आया कि गणपति टयूबवैल कंपनी को टैंडर की डिफरेंस प्राइस भी मनमानी तरीके दी गई। अफसरों ने लेबर चार्ज काटे बिना ही कंपनी को 1 करोड़ रुपए का ज्यादा भुगतान कर दिया। खास बात है कि कंपनी ने फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र बना कर टैंडर के लिए आवेदन किया था। इसकी भनक अफसरों को भी थी, लेकिन मोटा कमीशन लेकर टैंडर जारी कर दिया।

**पुण्यतिथि विशेष: बिशन सिंह शेखावत की ऐतिहासिक भूख हड़ताल से...**

# मिला केन्द्र के समान मंहगाई भत्ता




डॉ. भूपेन्द्र सिंह शेखावत

अध्यक्ष, श्री बिशन सिंह शेखावत शोध एवं शिक्षण संस्थान


*तुम मुझे यूं भुला ना पाओगे, ऐतिहासिक राज्य कर्मचारी आंदोलनों के ईमानदार व समर्पित पुरोधा "माड़साब बिशन सिंह शेखावत"।*

आज राजस्थान के विभिन्न सरकारी महकमो मे सेवा दे रहे लगभग 8 लाख से अधिक राज्य कर्मचारियों, जिनमे शिक्षक , पटवारी, ग्राम सेवक, नर्सिंग कर्मी, पुलिसकर्मी, सचिवालय सहित राजस्थान के सभी सरकारी व स्वायत्तशासी संस्थाओं में कार्य कर रहे मंत्रालयिक व अन्य वर्ग से जुडे ऐसे राज्य कर्मचारी जिनका जन्म 1990 के बाद हुआ है, शायद ही उन्हें ये अहसास हो कि आज राज्य कर्मचारी के रूप में जिन वेतन-भत्तों व अन्य सेवा सुविधाओं का लाभ वे ले रहे हैं, वह उन्हें आसानी से ही हासिल नहीं हुआ है। इसके पीछे संघर्ष का ऐसा इतिहास छिपा है, जिसमें उस दौर के कर्मचारी नेताओं की मृत्यु तक को छू लेने वाली लम्बी भूख हडतालें, सरकारों की बर्बर व दमनकारी कार्रवाहियें जिसके तहत आसूं गैस, लाठियां व गोलियों की कराहट के साथ, लम्बे समय तक जेलों में दी जाने वाली यातनाऐं सामान्य बात थीं। यहां तक कि इन कर्मचारी नेताओं को यातना के तहत उन्हें दूर-दराज के स्थानों पर तबादले कर प्रताड़ित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाती थी, लेकिन सरकार की यह दमनकारी कार्रवाहियां भी इन ईमानदार, समर्पित व त्याग भरे जज्बे से भरे कर्मचारी नेताओं को झुका नहीं पाई और सरकार को राज्य कर्मचारियों के वाजिब हकों के लिए झुकने के लिए मजबूर होना पड़ा। इन ऐतिहासिक कर्मचारी आंदोलनों के पुरोधा स्वर्गीय बिशन सिंह शेखावत की आज पुण्य तिथि है जिन्हें राज्य के कर्मचारी संगठनों, कर्मचारी महासंघ व शिक्षक संघ का मुख्य जनक व इन ऐतिहासिक संघर्षों का सबसे विश्वसनीय, पवित्र त्याग से ओत-प्रोत ऐसा नेतृत्व माना जाता है, जिनके एक आह्वान पर राज्य के समस्त जिलों सहित दूर दराज के गांवों व ढाणियों तक में बैठा राज्य कर्मचारी अपना सर्वस्व न्यौछावर करने के लिए सदैव तैयार रहता था।

> *राज्य में इन दिनों राज्य कर्मचारियों को अत्याधिक न्यूनतम वेतन, जिसमे मंहगाई भत्ता, मकान किराया, शहरी भत्ता, उपार्जित अवकाश, यात्रा भत्ता, पदोन्नति जैसी सुविधाओं की कल्पना भी राज्य कर्मचारियों के मन मस्तिष्क में नहीं थी। स्वर्गीय बिशन सिंह जो कि इन दिनों अपनी अद्भुत नेतृत्व क्षमता से राज्य कर्मचारियों में एक अलग विश्वसनीय सम्मानजनक स्थान बना चुके थे, ने सबसे पहले राज्य में अपनी पहचान के लिए संघर्ष कर रहे ऐसे ही अन्य कर्मचारी संगठनों को एक मंच पर लाकर अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ के साथ जोडने का अद्भुत कार्य किया। बिशन सिंह जैसे नेतृत्व में हो रही इन गतिविधियों से तत्कालीन राज्य सरकार अपने को असहज महसूस करने लगी थी।*

स्वर्गीय शेखावत एक सामान्य शिक्षक थे। इस कारण लोग उन्हें सम्मान से माडसाहब के रूप में जानते थे, जिस समय राज्य में कर्मचारी संगठन की लोग कल्पना भी नहीं कर सकते थे, ऐसे में 1960 के दशक में उन्होंने सर्वप्रथम राज्य के शिक्षकों का एक संगठन खड़ा किया। उन दिनों राज्य के तृतीय श्रेणी के शिक्षक पंचायत समितियों की अधीनता का दर्द झेल रहे थे, बिशन सिंह ने 08 जून 1968 को राज्य में पंचायत समिति के अन्तर्गत राज्य की प्राथमिक शिक्षा को वापिस लेने के लिए एक आन्दोलन प्रारंभ किया। संभवतः राज्य के कर्मचारियों का अपने अधिकारों के लिए सरकार के समक्ष यह पहला आंदोलन था। सरकार द्वारा किए गए निरन्तर दमन के बावजूद यह आंदोलन प्रारम्भिक रूप में सफल रहा व राज्य के कर्मचारियों में पहली बार संगठनात्मक शक्ति का अहसास हुआ। राज्य में इन दिनों राज्य कर्मचारियों को अत्याधिक न्यूनतम वेतन, जिसमे मंहगाई भत्ता, मकान किराया, शहरी भत्ता, उपार्जित अवकाश, यात्रा भत्ता, पदोन्नति जैसी सुविधाओं की कल्पना भी राज्य कर्मचारियों के मन मस्तिष्क में नहीं थी। स्वर्गीय बिशन सिंह जो कि इन दिनों अपनी अद्भुत नेतृत्व क्षमता से राज्य कर्मचारियों में एक अलग विश्वसनीय सम्मानजनक स्थान बना चुके थे, ने सबसे पहले राज्य में अपनी पहचान के लिए संघर्ष कर रहे ऐसे ही अन्य कर्मचारी संगठनों को एक मंच पर लाकर अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ के साथ जोडने का अद्भुत कार्य किया। बिशन सिंह जैसे नेतृत्व में हो रही इन गतिविधियों से तत्कालीन राज्य सरकार अपने को असहज महसूस करने लगी थी। स्वर्गीय बिशन सिंह ने अपने सबसे विश्वस्त साथी सरदार कुलदीप सिंह, जिन्हें इन दिनों कर्मचारियों में भगत सिंह के रूप में एक विशिष्ट पहचान मिल रही थी, के साथ कर्मचारी संघ की ओर से राज्य कर्मचारियों के वेतनमानों व अन्य सुविधाओं को लेकर राज्य सरकार के समक्ष आवाज उठाना प्रारंभ किया। सरकार ने महासंघ का आंकलन अपने स्तर पर खुफिया तौर पर करवाया।



> *शेखावत जैसे नेतृत्व का ही परिणाम था कि राजस्थान में कर्मचारियों के वेतनमानों को लेकर 10 दिन तक किए गए कड़े संघर्ष के बाद फरवरी 1979 में न्यायमूर्ति बैरी की अध्यक्षता में बैरी आयोग का गठन करना पड़ा।*

खुफिया रिपोर्ट में स्व. बिशन सिंह की कर्मचारी संगठनों में लोकप्रियता का आंकलन जान तुरंत वेतनमानों के संशोधन के लिए राणावत वेतन आयोग का गठन कर दिया व इस आयोग की रिपोर्ट के आधार पर एक जून 1968 से कर्मचारियों को नया वेतनमान मिलना प्रारंभ हुआ।

इन दिनों राज्य में कार्यरत केन्द्रीय कर्मचारियों को तो महंगाई भत्ता मिलता था, लेकिन राज्य कर्मचारियों के वेतनमान में कोई बढ़ोतरी या मंहगाई भत्ता नहीं दिया जाता था। शेखावत के नेतृत्व में कर्मचारी महासंघ ने राज्य कर्मचारियों के वेतनमान को बढ़ाने के साथ केन्द्र के समान महंगाई भत्ता दिए जाने की मांग रखी, लेकिन राज्य सरकार इसके लिए किसी भी रूप में सहमत नहीं हुई और आखिरकार कर्मचारियों को अपने पहले ऐतिहासिक संघर्ष के लिए मैदान में आना पड़ा। राजस्थान के कर्मचारी संघर्ष में 27 अगस्त 1970 ऐसा दिन है जब बिशन सिंह शेखावत का नेतृत्व व राज्य सरकार के बीच सीधा संघर्ष प्रारंभ हुआ। कर्मचारियों का यह ऐसा अद्भुत राज्यव्यापी आंदोलन प्रारंभ हुआ, जिसमें मुख्यमंत्री कार्यालय में कार्यरत सरकारी ड्राइवर व अन्य कर्मचारियों ने भी कार्य करने से इंकार कर आंदोलन में कूदने का निर्णय लिया। राज्य सरकार को कर्मचारियों के इस उग्र रूप का पहली बार सामना करना पडा। राज्य कर्मचारियों का यह पहला ऐसा आंदोलन था जिसमें राज्य की लगभग सभी जेलें कर्मचारियों से भर गई। 10 हजार कर्मचारियों को राज्य की जेलों में बंद कर दिया गया। जगह जगह सत्याग्रह व कर्मचारियों के रोष का नजारा था। अनेक जिलों में कर्फ्यू जैसे उपाय सरकार को करने पड़े। स्वर्गीय बिशन सिंह शेखावत, गंगाराम योद्धा व राजकुमार विलियम ने सचिवालय के सामने आमरण अनशन प्रारंभ कर दिया। स्वर्गीय बिशन सिंह की आमरण अनशन के तेहरवें दिन हालत नाजुक हो गई। एक बार तो यह समाचार भी राज्य में फैल गया कि आमरण अनशन से बिशन सिंह का देहांत हो गया है। पूरे राज्य में तनाव बढ़ गया। कर्मचारी उग्र रूप में सड़कों पर आ गए, स्थिति राज्य सरकार के नियंत्रण से बाहर हो गई। सरकार ने स्थिति की भवायता को देखते हुए शेखावत को तुरंत जयपुर के एसएमएस अस्पताल में भर्ती करवाया। कर्मचारियों का हुजूम अस्पताल की ओर बढ़ने लगा, आकाशवाणी व सरकारी प्रचार तंत्र ने शेखावत के स्वास्थ्य को लेकर बार बार यह स्थिति स्पष्ट की कि शेखावत अस्पताल में भर्ती हैं लेकिन इसके बावजूद भी हजारों कर्मचारी संतुष्ट नहीं हुए। आखिरकार मुख्यमंत्री मोहनलाल सुखाड़िया को एसएमएस अस्पताल पहुंचना पड़ा व बिशन सिंह को जूस पिलाकर उनकी भूख हड़ताल तुड़वाकर यह घोषणा करनी पड़ी कि राज्य के सभी राज्य कर्मचारियों को एक-एक विशेष वेतन वृद्धि दी जाएगी व केन्द्र के समान मंहगाई भत्ते को लेकर सरकार गंभीरता से कदम उठाएगी।

1973 में बिशन सिंह शेखावत के नेतृत्व में राज्य भर में कर्मचारियों ने केन्द्र के समान मंहगाई भत्ते को लेकर पुनः ऐसा आंदोलन प्रारंभ किया जो पूरे भारत वर्ष के कर्मचारी आंदोलन में अनूठा था। 37 दिन तक चले इस राज्य व्यापी आंदोलन में सरकार ने दमन की सारी हदें पार कर दीं। स्वर्गीय शेखावत को गोपनीय स्थान पर जेल में रखा गया। कर्मचारियों के इस ऐतिहासिक संघर्ष जिसमें कर्मचारी नेताओं सहित हजारों कर्मचारियों को उनके मासिक वेतन से ही वंचित नहीं किया वरन जेलों में तरह तरह की अमानवीय यातनाएं, पुलिस की लाठियों से कर्मचारियों के शरीर को छलनी करने, उनका दूर दराज इलाकों में तबादला किए जाने जैसे दमनात्मक तरीके राज्य सरकार द्वारा अपनाए गए। आखिरकार राज्य सरकार को झुकना पड़ा व 10 अगस्त 1973 को मुख्यमंत्री बरकतउल्ला खां ने स्वर्गीय बिशन सिंह शेखावत व उनके साथियों से यह अपील की कि वे अपना आंदोलन समाप्त कर दें। राज्य सरकार राज्य कर्मचारियों को महंगाई भत्ता केन्द्र के समान देने के लिए तैयार है। 15 अगस्त 1973 को इस पर औपचारिक सहमति बनी कि जब जब केन्द्र सरकार महंगाई भत्ता बढ़ाएगी तब तब राज्य सरकार भी उसी के अनुरूप राज्य कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी करेगी। इस सफलता के बाद स्वर्गीय बिशन सिंह शेखावत ने राज्य के प्रत्येक कर्मचारी के दिलों में जो सम्मान पाया वह शायद ही किसी कर्मचारी नेता को मिल सके। हालांकि राज्य सरकार ने अपातकाल का बहाना बनाकर इस महंगाई भत्ते को 1976 में वापिस लेने का भी प्रयास किया लेकिन स्वर्गीय शेखावत के राज्य कर्मचारियों की एक सभा में इस संबंध में दी गई चेतावनी के बाद मुख्यमंत्री हरिदेव जोशी को इसे पुनः लागू करने की घोषणा करनी पड़ी। तत्कालीन मुख्य सचिव भगवत सिंह मेहता भी शेखावत के अद्भुत त्याग भरे व्यक्तित्व से अत्यधिक प्रभावित थे व अप्रत्यक्ष रूप से केन्द्र के बराबर राज्य कर्मचारियों को महंगाई भत्ता देने के पक्षधर थे, साथ ही शेखावत द्वारा किए गए विशेष संघर्ष से आपातकाल में सरकार द्वारा अनिवार्य सेवानिवृत किए तीन हजार कर्मचारियों में से 2764 कर्मचारियों को सेवा में वापिस लेने का निर्णय भी करना पड़ा। शेखावत जैसे नेतृत्व का ही परिणाम था कि राजस्थान में कर्मचारियों के वेतनमानों को लेकर 10 दिन तक किए गए कड़े संघर्ष के बाद फरवरी 1979 में न्यायमूर्ति बैरी की अध्यक्षता में बैरी आयोग का गठन करना पड़ा। 06 फाइलों में 2040 पृष्ठ का बैरी आयोग प्रतिवेदन 15 सितम्बर 1981 को राज्य सरकार को दिया गया लेकिन राज्य सरकार ने इस पर गंभीरता नहीं दिखाई। स्वर्गीय बिशन सिंह शेखावत के आह्वान पर 18 मार्च 1982 से कर्मचारियों के राज्यव्यापी हड़ताल के बाद राज्य सरकार को कर्मचारियों के लिए इस रिपोर्ट के आधार पर नए सिरे से वेतनमान निर्धारित करने पड़े। शेखावत जैसे निर्भीक व स्पष्ट छवि के कर्मचारी नेताओं के लगातार किए गए इन संघर्षों का ही परिणाम है जो आज राज्य कर्मचारी 9,18,27 जैसी योजनाओं के तहत स्वतः ही एक निर्धारित सीमा अवधि के बाद उच्च वेतनमान का लाभ ले रहे हैं। स्वर्गीय शेखावत के प्रति राज्य कर्मचारियों की ऐसी असीम श्रद्धा व समर्पण था कि शेखावत के एक आह्वाहन पर राज्य कर्मचारी किसी भी सीमा तक जाने के लिए तैयार रहते थे। इसका प्रमुख कारण उनका निर्लिप्त साधु रूपी जीवन था। शेखावत ने कभी अपने आदर्शों व मूल्यों के साथ समझौता नहीं किया। शरीर पर सदैव कत्थई कुर्ते व राजस्थानी धोती की सामान्य वेश-भूषा में उनका चमकता चेहरा देखकर हर कोई उनसे प्रभावित हुए बिना नही रहता। शेखावत विभिन्न कर्मचारी आन्दोलनों के चलते 27 बार जेलों में रहे व सरकारी कोप से 23 बार विभिन्न दूरस्थ स्थानों पर तबादले के शिकार हुए, लेकिन उनके जज्बे को सरकार डिगा न सकी। अधिकांशतः पैदल ही चलने वाले स्व. शेखावत 06 अक्टूबर 1996 के अपने जीवन के अंतिम दिन तक साइकिल छोड़कर कोई भी वाहन नहीं खरीद सके। अंत समय में उनकी पासबुक में 857/- रू. शेष थे। यह भी एक विशिष्ट तथ्य है कि बिशन सिंह शेखावत के बड़े भाई स्व. भैरोंसिंह शेखावत राज्य के सबसे प्रभावशाली नेता एवं तीन बार राज्य के मुख्यमंत्री रहे थे।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

**व्यंग्य**

## आओ विकास करें




पूरन सरमा

व्यंग्यकार


हमारे देश को विकास की बीमारी आजादी के बाद ही लग गई थी। जो भी सत्ता में आया उसने विकास का नारा दिया। आप विकास चाहें या न चाहें परन्तु सरकार ने कहा कि विकास तो कराना ही होगा। विकास नहीं होगा तो सरकार के कार्यक्रम और योजनाओं का क्या होगा? सो विकास की मारामारी ऐसी चली कि विकास चल निकला। हम विकासशील हो गए। कोई क्षेत्र इस छूत से अछूता नहीं रहा, विकास हुआ भी तो ऐसा कि चारों दिशाओं में इसकी रोशनी फैल गई।

यही विकास एक दिन मेरे गांव भी आ गया। नए चंद सिरफिरों को पसन्द भी आ गया। उन्हें लगा कि विकास की यह प्रक्रिया अपनाई जा सकती है इसलिए वे भी विकासशील हो गए। इसे अपनाने वाले वे लोग थे जो बेकार थे, जिनके हाथ खाली थे। उन्होंने विकास को आजीविका के रूप में अपना लिया। वह विकास ही किस काम का जिसे अपनाने से सर्व प्रथम स्वयं का कल्याण न हो। बस दनादन पुख्ता मकानों की नींव धरी जाने लगी। अकाल अलग हो गया-इसलिए नेताजी ने जो राहत भेजी उसका खून गांव के विकासशीलों के पृथक से मुंह लग गया। इस तरह वे आबाद हो गए। गांव के विकास के लिए 'नवयुवक मण्डल' नाम से एक संस्था का गठन किया गया। जो चंद लोग शहर में विकास की चकाचौंध देख आए थे-वे तमाम उसके सदस्य थे।

मण्डल की पहली बैठक हुई तो उसके एजेंडा में-मेरा नाम स्थानान्तरित कराए जाने वाले लोगों में शामिल था। मैं घबरा गया कि यह नवयुवक मण्डल का गठन क्या मेरे लिए ही किया गया है। दौड़कर मैं विकासशीलों के अध्यक्ष से मिला और बोला- 'अमां यार तुम हमारे गांव के हो और हमारा ही तबादला करवा रहे हो। गांव में पड़े हैं। अपने बच्चों का लालन-पालन कर रहे हैं, यदि तबादला हो गया तो सारा घर अव्यवस्थित हो जाएगा।' अध्यक्ष जी तो विकास की लहर के शिकार थे सो बोले-'गांव के विकास के लिए आपका इस गांव से स्थानान्तरण अत्यावश्यक है। मंडल की बैठक में भी यह प्रस्ताव सर्व सम्मति से पास हो गया है, इसलिए अब कुछ नहीं किया जा सकता।'

'लेकिन मैं विकास में आड़े कहां आ रहा हूं और मैंने बिगाड़ा क्या है?' मैंने पूछा। वे बोले- 'विकास में तुम ही तो सबसे बड़ी बाधा हो। दरअसल आपने ईमानदारी का प्रमाण-पत्र ले रखा है और हमें ईमानदारों से डर लगता है। स्कूल में जो निर्माण कार्य चल रहा है, उसका सारा हिसाब-किताब आपके पास है। आप पूरी ईमानदारी से उसे निपटाते हैं। तीन वर्ष से कोई घपले के चांसेज नहीं मिल रहे हैं। ऐसे आपके खिलाफ चार्जेज लगाकर तबादला करवाने के अलावा हमारे पास और क्या विकल्प रह जाता है?' 'लेकिन इसमें मैं बाधा कहां उत्पन्न कर रहा हूं, यदि मैं हिसाब-किताब सही रखता हूं तो इसमें विकास को बल ही मिलेगा। पूरा पैसा विकास में लगेगा।' मैंने कहा। 'इसका मतलब आप विकास का अर्थ ही नहीं जानते।' 'मैं तो विकास का अर्थ यही जानता हूं कि जन-कल्याण अधिक-से-अधिक ही तथा लोगों को सभी प्रकार की सुख-सुविधाएं मिले।' मैंने कहा। इस पर वे दांत पीस कर बोले-'तो फिर आप अपने इस गांव से बोरिया-बिस्तर बांध लीजिए।'



**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता
@RahulGandhi
कलेजे को चीर देने वाली, नांदेड़ की गरीब मां की ये चीखें सुनिए, प्रधानमंत्री जी। आप अपने गुनाहों की सजा हमेशा गरीबों को क्यों देते हैं?



**अमिताभ बच्चन,** अभिनेता
@SrBacchan
वो दिन थे, वो दिन थे.. अब वो दिन हैं!!



**सोनू सूद,** बॉलीवुड अभिनेता
@SonuSood
पायलट बनना एक सपना था जो वामसी के दिल में बहुत ऊंची उड़ान भर रहा था। हम उनके मार्गदर्शक बने, उन्हें विमानन संभावनाओं से परिचित कराया।



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
किसी भी इंसान के लिए मूल गुण स्वयं के प्रति सच्चा होना है - विचार, भावना और कार्य की सत्यनिष्ठा



**गौर गोपाल दास,** आध्यात्मिक गुरु
@gaurgopald
तमाम उतार-चढ़ाव और अक्सर खट्टे-कड़वे अनुभवों के साथ, जीवन अपने आप में सुंदर से बहुत दूर है। लेकिन फिर हमें मधुर अनुभव भी होते हैं, अच्छी चीज़ें भी होती हैं।



**अरुण गोविल,** अभिनेता
@arungovil12
अच्छे इरादों से की गई मेहनत कभी बेकार नहीं जाती।



**अनुपम खेर,** अभिनेता
@AnupamPKher
उनको हमेशा जीतकर दिखाना चाहिए, जो आपकी हार का इंतजार कर रहे हो।

**नॉलेज कॉर्नर: 17वीं शताब्दी में मुगल राजकुमार ने करवाया इसका निर्माण**

# हरियाणा का ताजमहल 'शेख चिल्ली मकबरा'

भारत में कई पर्यटन स्थल हैं। कुछ स्थलों को देश आजाद होने के बाद बनवाया गया तो कुछ ऐतिहासिक स्थल हैं। जैसे- कुतुब मीनार, ताजमहल, हुमायूं का मकबरा। ऐसा ही एक ऐतिहासिक स्थान हरियाणा में है, जिसे हरियाणा का ताजमहल भी कहा जाता है। यहां एक सूफी गुरु की कब्र है जिसका नाम शेख चिल्ली का मकबरा है। यह स्थान न सिर्फ भारतीय इतिहास दर्शाता है बल्कि वास्तुशिल्प का भी यह अनोखा उदाहरण है। हरियाणा के थानेसर में बसा यह मकबरा मुगल काल के इतिहास से जुड़ा है। इस ऐतिहासिक स्थान की खास बात यह है कि यह किसी मुगल शासन या उस परिवार के सदस्य की नहीं बल्कि मुगल शासक के सुफी गुरु की कब्र है। आज के नॉलेज कॉर्नर में विस्तृत जानते हैं इस बारे में...

### कौन से शेख चिल्ली

इतना जानने के बाद जहन में यह रूचि पैदा होती है कि आखिर इसे किसने बनवाया। यहां शेख चिल्ली और उनकी पत्नी की कब्र है। शेख चिल्ली का पूरा नाम अब्द-उर-रहीम अब्दुल-करीम अब्द-उर-रजाक था। जो कि शेख चिल्ली के नाम से मशहूर हुए। बताया जाता है कि वह मुगल शासक शाहजहां के सबसे बड़े बेटे दारा शिकोह के कादिरिया सूफी गुरु थे। दारा शिकोह ने इस परिसर व इमारत का निर्माण शेख चिल्ली के जीवित रहते करवाया था। जब



शेख चिल्ली का निधन हुआ तो इसी परिसर में उनकी कब्र बनवाई गई। इसी के पास उनकी पत्नी की कब्र भी बनवाई। दारा शिकोह ने इस मकबरे का निर्माण 1650 ईस्वी में करवाया था। दरअसल शेख चिल्ली ईरान से भारत भ्रमण पर जलालुद्दीन साहब साबरी से मिलने आया था। यह भी माना जाता है कि शेख चिल्ली अकबर के नौरत्नों मे से एक थे।

### खास बातें

- मकबरे की वास्तुशिल्प योजना में फ़ारसी प्रभाव अधिक दिखता है।
- परिसर में शेख चिल्ली और उनकी पत्नी की कब्र है।
- यह उसी सफेद संगमगरमर से बना है जो ताजमहल में लगा हुआ है।
- यहां लाल बलुआ पत्थर से बनी एक पाथेर मस्जिद है।
- यह मस्जिद सत्रहवीं शताब्दी ईस्वी पूर्व की है
- मकबरे के उत्तर में मुगल गार्डन है।
- यह पार्क वर्तमान में हर्षवर्द्धन पार्क के नाम से जाना जाता है।

**पुरातत्व संग्रहालय भी मौजूद**

*परिसर के अंदर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा संचालित एक पुरातत्व संग्रहालय भी है। इसे पुरातात्विक स्थल और अवशेष अधिनियम 1958 की धारा 4 के तहत राष्ट्रीय महत्व का घोषित किया गया है। इसमें 27 मार्च 1919 को की गई खोज में मिले मुहरें, टेराकोटा की मूर्तियां, पट्टिकाएं, आभूषण और तलवारें संरत्रित हैं।*

कंटेंट: सुप्रिया सरकार





**चुनावी पोळ**

बात बड़ी है, बोल बड़ा है, बड़ा
काम रा वादा,
अब कै म्हानै लाविज्यो म्है सेवा
करांला ज्यादा।।

■ गजानन

**सीधे फील्ड से**

## अजमेर जिले की आठ में से पांच सीटें भाजपा के पास

# भाजपा के लिए नए जिले चुनौती कांग्रेस पकड़ बढ़ाने में जुटी



■ अजमेर से नवीन वैष्णव की रिपोर्ट



**बेधड़क** | अजमेर

अजमेर को धार्मिक समन्वय की नगरी के रूप में देशभर में जाना जाता है। प्रदेश की राजनीति में भी यह जिला अहम स्थान रखता है। जिले की आठ सीटों में से पांच पर भाजपा विधायक हैं, दो पर कांग्रेस के विधायक हैं और एक सीट निर्दलीय के पास है। यानि जिले में बीजेपी का खासा प्रभाव है। बात करें अजमेर शहर की तो उत्तर व दक्षिण दोनों विधानसभा सीटों पर पिछले 20 साल से भाजपा विधायक हैं। यहां अनिता भदेल और वासुदेव देवनानी विधायक हैं। इस बार भी इन दोनों का टिकट लगभग फाइनल माना जा रहा है। दूसरी ओर कांग्रेस शहर की दोनों सीटों पर कब्जा जमाने के लिए हरसंभव प्रयास में जुटी है।

जिले की अन्य सीटों की बात करें तो कांग्रेस की सीट मानी जाने वाले नसीराबाद में भी अब भाजपा का कब्जा है और दिवंगत नेता सांवर लाल जाट के पुत्र रामस्वरूप लांबा यहां से विधायक हैं। यह सीट वैसे कांग्रेस की ही मानी जाती रही लेकिन पारिवारिक फूट का भाजपा ने फायदा उठाया और इस अभेद्य किले पर अपना परचम फहरा दिया।

ब्यावर विधानसभा सीट में भी जातीय समीकरण भाजपा के पक्ष में हैं, इसके चलते पिछले 20 सालों से यहां भाजपा काबिज है। यहां अभी भाजपा के रामस्वरूप लांबा विधायक हैं। वहीं कांग्रेस ने चेहरे भी बदल दिए लेकिन इस सीट पर पार पाने में कामयाब नहीं हो पाई। केकड़ी विधानसभा क्षेत्र में राज्य सरकार की तर्ज पर एक बार भाजपा एक बार कांग्रेस की परिपाटी चली आ रही है। इस बार पूर्व चिकित्सा मंत्री और विधायक डॉ. रघु शर्मा का दावा है कि जितने विकास के काम केकड़ी में हुए हैं और जिला बनाया है, ऐसे में इस बार कांग्रेस की जीत होने जा रही है।

### जिले में दिग्गजों की भरमार

अजमेर के बड़े राजनेताओं की अगर बात की जाए तो देश की राजनीति में अग्रिम पंक्ति में नजर आने वाले केंद्रीय राज्य मंत्री भूपेन्द्र यादव, अजमेर से सांसद और सूचना एवं प्रसारण मंत्री रहे सचिन पायलट, पूर्व शिक्षा राज्यमंत्री वासुदेव देवनानी, पूर्व महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री अनीता भदेल, भाजपा से राज्यसभा सांसद और धरोहर एवं प्रोन्नति प्राधिकरण बोर्ड के चेयरमैन रहे ओंकार सिंह लखावत, पूर्व चिकित्सा मंत्री डॉ. रघु शर्मा, पूर्व शिक्षा राज्य मंत्री नसीम अख्तर इंसाफ सहित अन्य बड़े चेहरे हैं।

### पुष्कर में मुकाबला कड़ा

बात यदि पुष्कर विधानसभा सीट की करें तो यहां पिछले दस साल से भाजपा के सुरेश सिंह रावत विधायक हैं और इस बार भी उनका दावा है कि टिकट लाकर जनता के आशीर्वाद से जीत दर्ज करवाएंगे। लेकिन हाल ही कथित रूप से करोड़ों रुपए की रिश्वत मांगने के प्रकरण के चलते उनकी राह मुश्किल हुई है। पुष्कर सीट से विधायक रहीं कांग्रेस की नसीम अख्तर इंसाफ शिक्षा राज्य मंत्री रही हैं। किशनगढ़ विधानसभा सीट पर इस बार भी मुकाबला खासा रोमांचक रहने वाला है। इस बार सुरेश टांक भारी मतों से जीतकर निर्दलीय विधायक बने। इस बार भी माना जा रहा है कि टांक निर्दलीय ही ताल ठोक सकते हैं और दोनों पार्टियों के लिए मुसीबत खड़ी कर सकते हैं।

### मसूदा में स्थानीय की मांग

मसूदा विधानसभा सीट से इस बार वर्तमान विधायक राकेश पारीक का खासा विरोध देखने को मिल रहा है और यहां पर स्थानीय उम्मीदवार का नारा बुलंद किया जा रहा है। यहां वर्ष 2013 की बात करें तो कई दिग्गज चुनावी मैदान में थे और भाजपा की सुशील कंवर पलाड़ा ने बाजी मारी और विधानसभा पहुंची लेकिन वर्ष 2018 के चुनाव में राकेश पारीक ने पलाड़ा को हराया और विधायक चुने गए। इस बार भाजपा और कांग्रेस किसी स्थानीय को चुनावी मैदान में उतारने को लेकर लगातार मंथन कर रहे हैं।

### बीसलपुर का पानी बड़ा मुद्दा

अजमेर में अगर मुद्दों की बात की जाए तो इन चुनावों में सबसे अहम मुद्दा पानी, बिजली का रहने वाला है। जिस अजमेर के लिए बीसलपुर पेयजल परियोजना बनाई गई उसका हलक ही सूखा है। यहां 72 से 108 घंटे में पानी की सप्लाई हो रही है और उसमें भी अनियमितता है। वहीं अघोषित बिजली कटौती और आए दिन बढ़ने वाले दाम से भी लोग खासे परेशान हैं, इसका खामियाजा कांग्रेस को भुगतना पड़ सकता है। वहीं राजस्थान लोक सेवा आयोग और माध्यमिक शिक्षा बोर्ड भी अजमेर में ही हैं, इनके पेपर लीक व अव्यवस्थाओं का मुद्दा लेकर भी भाजपा वोटर्स के बीच जाएगी।



**बिहाइंड द कर्टेन**

## भाइयों का 'न खाऊंगा ना खाने दूंगा' फॉर्मूला

फूल वाली पार्टी के टिकट की सूची लीक क्या हुई, कई भाइयों को अपनी दावेदारी खटाई में पड़ती नजर आई। लिहाजा, अब भाई लोग जुगत में लग गए हैं कि कैसे सामने वाले के नाम पर कैंची चलाएं। इसके लिए पुराने गड़े मुर्दों को भी उखाड़ा जा रहा है। पुरानी फाइलों को खंगाला जा रहा है। कुछ मिल रहा है तो उसे दिल्ली दरबार में पूरे करीने के साथ पेश किया जा रहा है। लेकिन भाइयों को ये नहीं पता कि दिल्ली दरबार में पहले से ही एक-एक नाम का पूरा चिट्ठा मौजूद है। लेकिन पार्टियों ने विनिंग फॉर्मूला अडॉप्ट किया हुआ है इसलिए फूल व हाथ दोनों पार्टियों ने ही जिताऊ के मामले में आंखों पर पट्टी बांध ली है। अब आप चाहे कितने भी चिट्ठे खोल लें कोई फर्क पड़ने वाला नहीं। फूल वाली पार्टी के कई भाइयों के इसलिए भी पेट में दर्द हुआ कि वे चार साल से दावेदारी जता रहे थे। लेकिन जब मेवा मिलने का समय आया तो कतार में कोई दूसरा ही नजर आया। अब भाई लोग अपना दर्द किसे कहें। इसलिए अब तैयारी है कारसेवा की। खाएंगे नहीं तो ढोल देंगे। इस फॉर्मूले पर बड़ी गंभीरता से मंथन चल रहा है। दूसरी पार्टी की थाली में भी झांका जा रहा है। कइयों को आश्वासन भी मिल चुका है कि अगर नाम कटा तो हम आपको गले लगाएंगे।

■ यायावर

**ई वॉर**




**थड़ी पॉलीटिक्स**

## हर पार्टी को अपने नेता दिखते हैं साफ-सुथरे, विपक्षी पार्टी के नेता भ्रष्ट

**स्थान** टी-स्टॉल मालवीय नगर | **समय** शाम 6 बजे

*जैसे-जैसे शामें ठंडी होती जा रही हैं, वैसे-वैसे चुनावों का माहौल गर्म होता जा रहा है। आचार संहिता लगने को है। ऐसे में प्रदेश में नेताओं के दौरे, चुनावी सभाएं, आरोपों-प्रत्यारोपों के दौर और सत्ता तक पहुंचने की जोर आजमाइश धीरे-धीरे चरम की ओर जा रही है। प्रदेश के नेताओं से लेकर देश के नेता तक अपना पूरा दम-खम झोंक रहे हैं। लेकिन चुनावी सभाओं में दिखने वाली भीड़ राजनीति का रुख बताने के लिए काफी नहीं होती। जनता क्या सोचती है, क्या चाहती है? इसका पता चुनावी रैलियों, सभाओं में नहीं शहर की गलियों में जमने वाली मंडलियों में चलता है, चौपालों पर चलता है। कई बहुत हल्के अंदाज में कही गई बातें राजनीतिक दौर के गंभीर मायने बताती हैं, तो कई गंभीर चर्चाओं का सार बहुत हल्का निकलता है। लोगों की चर्चाओं से राजनीति के ऊंट की करवट का अंदाजा लगाने हम पहुंचे मालवीय नगर स्थित एक टी-स्टॉल पर। यहां जमे बैठे युवा एक दूसरे से हंसी ठिठोली के साथ चाय की चुस्कियां ले रहे थे। "देख लो, फिर चालू हो गई छापेमारी, जैसे ही कहीं चुनाव आते हैं, ये शुरू हो जाते हैं। इनको अपने लोग तो बिल्कुल साफ सुथरे नजर आते हैं, दूसरे भ्रष्ट दिखते हैं।" एक कोने से आवाज आई तो दूसरे कोने से इससे भी भारी आवाज में जवाब आया-"तो चुनाव हैं तो क्या काम करना बंद कर दें। कार्रवाई ना करो तो तुम बोलोगे मिले हुए हैं, करो तो भी तुम्हें दिक्कत है। ये छापेमारी कोई नई तो है नहीं, पहले भी होती रही है। और सबसे बड़ी बात जो भ्रष्टाचार करे उसे सजा मिलनी चाहिए बस।" इसी जवाब के समर्थन में तीसरी आवाज आती है-" देख, हर पार्टी चुनाव जीतने के लिए ही लड़ती है और उसके हाथ में जो है वो करती है। तुम्हारे जादूगर साब भी जितना जोर चल रहा है वो चला ही रहे हैं। राजनीति में सब चलता है भाई, साम-दाम-दंड-भेद से बस सत्ता आनी चाहिए। इसलिए किसी को दोष मत दो।" इस स्पष्ट संदेश पर चौथी आवाज उठती है-"भाई, सही बात ये है कि जिन पर छापे पड़ रहे हैं, उनके हाथ में पावर होगा तो वो भी यही करेंगे। और तुमने उनके मुंह से कभी भी अपनी पार्टी की गड़बड़ के खिलाफ एक शब्द भी सुना क्या। भाई, बिना आग के धुंआ नहीं उठता।" बात सही थी। राजनीतिक दलों के लिए पारदर्शिता के इस गूढ़ संदेश के साथ चर्चा समाप्त हुई।*

■ नरेन्द्र शर्मा

*चुनाव बेधड़क पेज से संबंधित अपने सुझाव, विचार व अपने क्षेत्र की राजनीतिक खबरें आप हमें इस ई-मेल पर भेज सकते हैं- news@sachbedhadak.in*



**पॉली क्लिक्स**

*राजस्थान के चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सक्रियता काबिले गौर है। मोदी राजस्थान में लगातार दौरे कर रहे हैं और गहलोत सरकार को घेर रहे हैं। प्रदेश भाजपा का कोई बड़ा चेहरा पूरी तरह से अब तक उभर कर नहीं आया है। जोधपुर की सभा के बाद राजेन्द्र राठौड़ ने मोदी को बांसुरी भेंट की। वसुंधरा राजे भी मौजूद थीं। इस बांसुरी से चुनाव के बाद क्या सुर निकलते हैं ये देखने वाली बात होगी।*

**पॉली टून**




**चुनावी इतिहास के झरोखे से**

# बीस साल पहले 120 सीटों के साथ वसुंधरा राजे ने बनाई थी सरकार



■ गुलाब बत्रा, वरिष्ठ पत्रकार
gulabbatra@gmail.com

चुनाव और परिणाम को चोली-दामन की संज्ञा दी जाती है। लेकिन इस स्तर तक पहुंचने की लम्बी प्रक्रिया है। चाहे लोकसभा या राज्य विधानसभा के चुनाव हों- पहले निर्वाचन आयोग चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करता है। चुनावी टिकट-चुनाव प्रचार, मतदान और मतगणना की परिणति नतीजों के रूप में होती है। चुनाव नतीजों को लेकर कयास लगाए जाते हैं। सट्टे तक लगाए जाते हैं। संभावित चुनाव परिणामों की भविष्यवाणी की जाती है। पिछले वर्षों में इलेक्ट्रोनिक मीडिया द्वारा मतदान के तुरंत बाद एक्जिट पोल और उस पर विश्लेषण टीवी



दर्शकों के आकर्षण का केन्द्र रहा है। इसके अलावा विभिन्न एजेंसियों द्वारा चुनावी सर्वे किए जाते हैं।

वर्ष 1992 में अयोध्या प्रकरण के पश्चात राजस्थान में राष्ट्रपति शासन लागू किया गया। वर्ष 1993 में राज्य विधानसभा का चुनाव कराया गया। इसके संभावित परिणामों को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर उत्सुकता थी। जयपुर में इंडियन एक्सप्रेस के विशेष संवाददाता संजीव श्रीवास्तव का संदेश लेकर दिल्ली से डब्ल्यू डी माथुर जोधपुर आए। चुनावी कवरेज का यह उनका पहला अनुभव था। मैं उन दिनों जोधपुर में यूनीवार्ता यूएनआई ब्यूरो प्रमुख के रूप में कार्यरत था। जोधपुर संभाग के विभिन्न जिलों की यात्रा करके लौटे माथुर से भोजन पर लम्बी बातचीत हुई। स्वाभाविक रूप से संभावित नतीजों पर चर्चा होने लगी। जोधपुर जिले से लेकर संभाग की विधानसभा सीटों का आकलन हुआ। माथुर डायरी में बिंदुवार नोट कर रहे थे।

एक-एक कर अन्य जिलों-संभागों की चर्चा में समूचे राजस्थान का चुनावी नक्शा सामने आ गया। मेरा आकलन था कि भाजपा को न्यूनतम 95 और अधिकतम 103 सीटें मिल सकती हैं। और चुनाव नतीजों में भाजपा को 95 विधानसभा क्षेत्रों में सफलता मिली। उधर दिल्ली लौटे माथुर ने इसी आकलन से चुनावी रिपोर्ट बनाई। उनके साथियों ने काफी टीका टिप्पणी की। वे कुछ डर से गए। लेकिन चुनाव नतीजों ने उनकी रिपोर्टिंग पर मोहर लगा दी। कुछ दिनों पश्चात मेरा दिल्ली जाना हुआ । भेंट होने पर गद्‌गद माथुर के मुझे गले लगा लिया।

तत्कालीन मुख्यमंत्री भैरोसिंह शेखावत 1977 के पश्चात वर्ष 1990 तथा 1993 में लगातार दो बार इस पद पर रहे। वर्ष 1998 के चुनाव में कांग्रेस को सफलता मिली और अशोक गहलोत ने पहली बार शासन सत्ता की बागडोर संभाली। वर्ष 2003 के चुनाव में पहले भाजपा में वसुंधरा राजे ने चारभुजा मंदिर से परिवर्तन यात्रा का आगाज किया।

चुनाव नतीजे आने वाले थे। एक चिकित्सक मित्र ने अपने परिचित लश्करी जी को संभावित चुनाव नतीजों के बारे में चर्चा के लिए मेरे पास भेजा। वे विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की सूची लेकर आए थे। मेरे कहे अनुसार वे भाजपा की संभावित सीटों पर टिक लगाते गए। कुल योग 116 बैठा। अंतिम परिणाम 120 रहा। मेरी बताई सीटों में हार-जीत की सात सीटों में अंतर रहा।

# एक संकल्प और समर्पण

## जो कहा, वह किया

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार

**राजस्थान मिशन 2030**
**प्रगति की गति 10 गुना**

स्वास्थ्य बीमा
**यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज**

| आयुष्मान | चिरंजीवी |
|---|---|
| ₹5 लाख | ₹25 लाख |
| 66.37 लाख परिवार<br>कुल प्रीमियम- ₹419 करोड़ | 1.44 करोड़ परिवार<br>कुल प्रीमियम- ₹2,410 करोड़ |

राष्ट्रीय औसत 41%
राजस्थान औसत 88%

सामाजिक
**सुरक्षा पेंशन**

| केन्द्रीय योगदान | राज्य योगदान |
|---|---|
| 11 लाख लाभार्थी<br>₹350 करोड़ | 92 लाख लाभार्थी<br>₹12,000 करोड़ |

**एमबीबीएस सीटों** में वृद्धि

| तब 2014-2018 | अब 2019-2023 |
|---|---|
| 650 | 1980 |

नए
**उप स्वास्थ्य केन्द्र** की स्थापना

| तब 2014 - 2018 | अब 2019-2023 |
|---|---|
| 7 | 1773 |

प्रिय प्रदेशवासियो,

आपके आशीर्वाद से 2018 में हमारी सरकार बनी और 5 साल का सफर तय कर हम यहां तक पहुंचे हैं। हमारा इरादा है कि 2030 तक राजस्थान देश का नंबर 1 राज्य बने। मेरा प्रयास है कि इस दिशा में राजस्थान ने जो विकास की रफ्तार पकड़ी है वह आगे भी जारी रहे और राजस्थान पीछे मुड़कर न देखे। इन पांच सालों में मैंने प्रदेश के प्रथम सेवक के रूप में कोविड महामारी, राजनीतिक अस्थिरता समेत तमाम चुनौतियों का सामना किया। कोविड में डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ, सरकारी कर्मचारी, धर्म गुरुओं, एन.जी.ओ., सफाईकर्मियों तक ने सरकार का सहयोग किया। आपके आशीर्वाद से राजस्थान में जनकल्याणकारी योजनाएं बनाकर ऐतिहासिक विकास कार्य किए हैं, जिससे विकास का राजस्थान मॉडल आज देश-दुनिया में चर्चा का विषय है। सभी प्रदेशवासियों के सहयोग से राजस्थान कोविड प्रबंधन में उदाहरण बना। हमारी भावना गुड गवर्नेंस देने की रही। 2018 के जनघोषणा पत्र में किए गए अधिकांश वादे पूरे किए जा चुके हैं। हमने विकास का जो रोडमैप तैयार किया उस पर राजस्थान तेज गति से आगे बढ़ रहा है। वर्ष 2021-22 में प्रदेश की आर्थिक विकास दर 11.04% रही है।

आज राजस्थान में कुछ विशेष कानून बनाए हैं जिन्हें विशेषज्ञों द्वारा सराहा जा रहा है। सभी को स्वास्थ्य का अधिकार एवं 25 लाख रुपये का बीमा देने वाला पहला राज्य बना है। गारंटीशुदा रोजगार और सामाजिक सुरक्षा पेंशन देने वाला राजस्थान न्यूनतम आय कानून, एप आधारित कामगारों के लिए गिग वर्कर्स वेलफेयर एक्ट, किसानों की जमीन नीलाम होने से रोकने व नियमानुसार मुआवजा देने वाला किसान कर्ज राहत कानून, पेपर लीक पर उम्रकैद की सजा का प्रावधान जैसे कानून बनाए गए हैं। इन कानूनों को देशभर में लागू करने की मांग हम केन्द्र सरकार से लगातार कर रहे हैं। राजस्थान में गांधीवादी विचारधारा फैलाने के लिए शांति एवं अंहिसा विभाग कार्यरत है।

ओल्ड पेंशन स्कीम (OPS) लागू की गई, प्रदेश में युवाओं के लिए करीब 3 लाख सरकारी पदों एवं 100 मेगा जॉब फेयर लगाकर निजी क्षेत्र में रोजगार दिए जा रहे हैं। सरकार ने प्रदेश में जिलों की संख्या 33 से बढ़ाकर 50 कर दी है जिससे गवर्नेंस बेहतर हो एवं युवाओं को रोजगार के अधिक से अधिक मौके मिल सकें। राजस्थान में मानव सेवा के साथ पशुओं की सेवा भी प्राथमिकता पर है। गौसेवा के लिए गौशालाओं को 3,000 करोड़ रुपये का अनुदान दिया गया है। लम्पी रोग से मारे गए दुधारू पशुओं को 40,000 रुपये प्रति पशु मुआवजा दिया एवं कामधेनु योजना से पशु बीमा किया जा रहा है। पशुओं के लिए सभी दवाएं एवं उपचार नि:शुल्क है।

पूरा देश महंगाई की चुनौती से जूझ रहा है। ऐसे समय में हमारी सरकार ने महंगाई राहत कैंप लगाकर 500 रुपये में गैस सिलेंडर से लेकर 100 यूनिट बिजली फ्री जैसी 10 गारंटी दी हैं, जिससे प्रदेश के पौने दो करोड़ परिवारों को किसी ना किसी रूप में लाभ मिला है। विकास और राहत की इस गति को प्रदेशवासियों के सुझावों के साथ आगे ले जाकर 2030 तक राजस्थान को देश का नंबर 1 राज्य बनाने का लक्ष्य हमने रखा है। इसके लिए मिशन 2030 अभियान के तहत विशेषज्ञों व आमजन के सुझाव लिए गए हैं। इन सुझावों के अनुरूप हम आगे की कार्ययोजना बनाकर कार्य करेंगे।


जिस तरह एक माली का काम अलग-अलग फूलों के चमन को संभालकर रखना होता है, उसी तरह मैंने इस राजस्थान रूपी चमन को संभालकर रखा है और आगे भी संभालकर रखूंगा।

आपके सहयोग एवं समर्थन से हम राजस्थान में किए गए ऐतिहासिक कार्यों एवं योजनाओं को आगे भी जारी रख सकेंगे। मेरी करबद्ध प्रार्थना है कि प्रदेश के हित में इस हेतु अपना सहयोग दें।

शुभकामनाओं सहित

**आपका स्नेही**

**अशोक गहलोत**



**राजस्थान मिशन 2030**
**प्रगति की गति 10 गुना**

**जिलों** की संख्या

| तब वर्ष 2018 | अब वर्ष 2023 |
|---|---|
| 33 | 50 |

**ERCP**
पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना

| केन्द्र की भूमिका | राज्य की भूमिका |
|---|---|
| अब तक राष्ट्रीय महत्त्व की परियोजना घोषित नहीं | ₹14,200 करोड़<br>की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी<br>नवनेरा बैराज - 86% पूर्ण<br>ईसरदा बांध - 75% पूर्ण |

राजस्थान
**रिफाइनरी परियोजना**
पेट्रो केमिकल हब

| तब 2014-2018 | अब 2019-अगस्त2023 |
|---|---|
| ₹532 करोड़ व्यय | ₹32,662 करोड़ व्यय |

68.3% कार्य पूर्ण

देश में सर्वाधिक विश्वविद्यालय
नवीन
**राजकीय महाविद्यालयों** की संख्या

| तब 2014-2018 | अब 2019-2023 |
|---|---|
| 81 | 309 |

जिला अस्पताल की स्थापना

| तब 2014-2018 | अब 2019-2023 |
|---|---|
| 0 | 27 |

रसोई गैस सिलेंडर
₹500/-

# सेवा ही कर्म
# सेवा ही धर्म

आर्थिक
विकास दर
11.04%
देश में दूसरा स्थान

नवीन कृषि महाविद्यालय

| तब 2014-2018 | अब 2019-2023 |
|---|---|
| 3 | 51 |

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

## जरूरी खबर

### डॉ. ओमप्रकाश ने किया कलेक्टर का पदभार ग्रहण



**टोंक।** जिले के नवनियुक्त जिला कलेक्टर डॉ. ओमप्रकाश बैरवा ने गुरुवार को पदभार ग्रहण किया। इससे पहले कलेक्ट्रेट परिसर में पुलिसकर्मियों ने उन्हें गार्ड ऑफ आर्नर दिया गया। बैरवा खैरथल-तिजारा में जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट एवं निदेशालय आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग में निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव के अलावा कई पदों पर रह चुके हैं। इस मौके पर अधिकारी एवं कार्मिकों ने स्वागत किया। उन्होंने जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि लोगों की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण कर राहत पहुंचाई जाएगी।

### 90 बुजुर्ग श्रीराम की नगरी अयोध्या के लिए रवाना

**चाकसू।** विधायक वेदप्रकाश सोलंकी की ओर से शुरू की गई श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या नगरी के लिए बस यात्रा को गुरुवार शाम को बड़े बालाजी गणेश मंदिर से विधायक सोलंकी व उनकी धर्मपत्नी अनीता सोलंकी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कस्बे से 2 बसों में सवार 90 बुजुर्ग, महिला-पुरुषों को श्रीराम जन्मभूमि सहित अन्य स्थलों के दर्शनों के लिए अयोध्या के लिए रवाना किया गया। यात्रियों ने जयश्रीराम का उद्घोष किया और संकीर्तन करते हुए रवाना हुए। विधायक ने आगे भी इस यात्रा जारी रखने की घोषणा की। इस दौरान नगपालिका चेयरमैन कमलेश बैरवा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### सब्जियों की आड़ में ले जाई जा रही अवैध शराब पकड़ी



**चौमू।** पुलिस मुख्यालय क्राइम ब्रांच टीम की सूचना पर शाहपुरा जिले की रायला थाना पुलिस ने बुधवार देर रात अवैध अंग्रेजी शराब की पेटियों से लोड पिकअप गाड़ी जब्त कर वार्ड-28 चौमू निवासी आरोपी अशोक कुमार जांगिड़ (32) को गिरफ्तार कर लिया। पिकअप में विभिन्न ब्रांड की राजस्थान निर्मित शराब के 75 कर्टन लोड थे। इसकी बाजार कीमत करीब 9 लाख रुपए है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस दिनेश एमएन ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव के चलते प्रदेश में अवैध मादक पदार्थ, शराब एवं हथियार तस्करी की रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

---

**सर्किट हाउस में पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने भाजपा पर बोला जुबानी हमला**

# बढ़ती जा रही अमीर-गरीब की खाई, उद्योगपतियों के लोन माफ

■ दो दिवसीय दौरे के तहत सर्किट हाउस में की जनसुनवाई

बेधड़क | टोंक

प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं टोंक विधायक सचिन पायलट ने दो दिवसीय दौरे के दौरान गुरुवार को सर्किट हाऊस में आमजन की समस्याएं सुनी और उनके समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सर्किट हाउस में पायलट ने मीडिया को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा के खिलाफ बोलने वालों पर ईडी की कार्रवाई की जा रही है। पिछले 5-7 सालों का रिकार्ड देखे तो पता चलता है कि जो भी केंद्र सरकार के विरोध में सामने आते हैं उन पर ही ईडी के छापे डलवाए जा रहे हैं।

उन्होने आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी को लेकर कहा कि केन्द्र सरकार अपनी ताकत का मात्र विरोधियों को सबक सिखाने के लिए इस्तेमाल कर रही है, लेकिन जनता अब सब समझ चुकी है और 2024 के लोकसभा चुनाव में इन्हे सबक सिखाएगी।

पायलट ने कहा कि देश में गरीब-अमीर की खाई बढ़ती जा रही है और उद्योगपतियों के लोन माफ हो रहे हैं, इस पर कोई चर्चा के लिए तैयार नहीं है। बेरोजगारी कैसे कम हो, इसका कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। पायलट ने कहा कि भाजपा को अब वसुंधरा पर निगाह रखनी की जरूरत है।



### विकास कार्यों का निरीक्षण व लोकार्पण किया

सर्किट हाउस में जनसुनवाई के बाद पायलट ने निमार्णाधीन शहीद स्मारक, राउप्रा. बालिका विद्यालय छावनी आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने अदालत परिसर में लगाई गई लिफ्ट का लोकापर्ण किया। वहीं गहलोद घाट रोड़ पर बनास नदी पर बनाए जा रहे नव-निर्मित पुल के निर्माण, टोंक पवेलियन स्थित शहीद स्मारक, सआदत अस्पताल में नव-निर्माणधीन ट्रोमा सेन्टर व चिराई स्थित मेडिकल कॉलेज के नव-निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया। इसी प्रकार पायलट ने अमीनपुरा, मोडियाला, खरेडा, सेतीवास, गणेती आदि गांवों का दौरा कर ग्रामीणों से जन-संवाद किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को कांग्रेस सरकार की योजनाओं से अवगत कराया और प्रदेश में हुए विकास कार्यों को लेकर फीडबैक लिया।

**जनसंवाद के दौरान ये लोग भी रहे मौजूद**

इस मौके पर जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा, सभापति अली अहमद, प्रधान टोंक सुनीता फागणा, हंसराज फागणा, पूर्व विधायक कमल बैरवा, शहर ब्लॉक अध्यक्ष इरशाद बैग, देहात ब्लॉक अध्यक्ष कैलाशी मीणा, उप-सभापति बजरंग लाल वर्मा, दिनेश चौरासिया, सलीमुद्दीन खां, चन्द्रप्रकाश श्रीवास्तव, महावीर तोगड़ा, फौजू मीणा, हरेन्द्र पार्षद, सरपंच मुकेश गुर्जर, सरपंच सुरज्ञान गुर्जर, पार्षद विकास लोदी, एड मजहर आलम, पार्षद अकील अहमद, सेवादल अध्यक्ष अब्दुल खालिक खान, कमलेश चांवला, मुजिब पार्षद, अख्तर मियां पार्ष सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

**रावतसर-जयपुर मेगा हाईवे पर गांव 29 DWD के पास हुआ हादसा**

# तेज रफ्तार वाहन ने बाइक को उड़ाया, तीन युवकों की हुई मौत

बेधड़क | हनुमानगढ़

जिले में बुधवारा को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। इसमें बाइक सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि इस युवक का शव दुर्घटनास्थल से बीस फीट दूर पड़ा मिला। जानकारी के अनुसार एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार तीनों युवकों को उड़ा दिया।

थानाप्रभारी अरुण चौधरी ने बताया कि यह हादसा हनुमानगढ़-रावतसर मेगा हाईवे के चक-29 डीडब्ल्यूडी के पास बुधवार दोपहर करीब 3 बजे हुआ। पुलिस से जानकारी मिली कि रावतसर-जयपुर मेघा हाईवे पर गांव 29 डीडब्ल्यूडी के पास सड़क हादसा हुआ है। सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची तो बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल पड़े थे। तीनों को सरकारी हॉस्पिटल रावतसर लाया गया।

जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में रखवाकर परिजनों को सूचित कर दिया है। हादसा होने पर आस-पास के लोग तुरंत मदद के लिए मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। बाद में पुलिस ने तीनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।



**ईंट-भट्टे पर मजदूरी करते थे तीनों युवक**

पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान ब्रजेश पुत्र राजेंद्र कुमार कश्यप, रामकुमार पुत्र रामावतार कश्यप और कुलदीप पुत्र सुभाष शामिल है। तीनों मृतक मैनपुरी उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। तीनों 18 एनडब्यूडी स्थित एसके ईंट भट्टे पर मजदूरी करते थे। मृतकों के परिवार वालों को पुलिस ने सूचित कर दिया है। उनकी रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**चालक फरार, मौके पर मिली वाहन की नंबर प्लेट**

थानाप्रभारी ने बताया कि टक्कर के बाद चालक अपने वाहन का लेकर मौके से फरार हो गया। आस-पास के ग्रामीणों ने बताया कि मौके पर एक वाहन की नंबर प्लेट पर मिली है। संभवत: जिस वाहन ने टक्कर मारी उसकी नंबर प्लेट टूटकर गिर गई होगी। इसके आधार पर रावतसर पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है।

---

**ठेकेदार से मारपीट के बाद उपजा तनाव**

## नाली निर्माण को लेकर विवाद के बाद दुकानों में लगाई आग

बेधड़क | चित्तौड़गढ़

जिले के कपासन उपखंड मुख्यालय के करीब स्थित सिंहपुर गांव में नाली निर्माण को लेकर समुदाय विशेष के एक व्यक्ति ने पंचायत के ठेकेदार पर पावड़े से हमला कर दिया। वारदात में ठेकेदार गंभीर रूप से घायल हो गया। हमले के बाद कस्बे में माहौल तनाव पूर्ण हो गया। इस दौरान आक्रोशित लोगों ने दुकानों में आग लगा दी। इसके बाद इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

जानकारी के अनुसार जिले के सिंहपुर गांव के बाहरी बस्ती क्षेत्र में विद्यालय के पास नल का निर्माण कार्य राजेश आचार्य नामक ठेकेदार द्वारा किया जा रहा था। इसी दौरान आसिफ नाम के युवक ने नाली का पानी रोक दिया, जिसे लेकर ठेकेदार राजेश आचार्य उसे समझाने गया तो आसिफ ने उस पर हमला कर दिया। इसमें राजेश घायल हो गया।

इसके बाद ठेकेदार राजेश को इलाज के लिए श्रीसांवरियाजी राजकीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। इधर गांव में इस घटना को सूचना मिलते ही ग्रामीणों में आक्रोश फैलने के साथ ही माहौल गरमा गया। वहां आक्रोशित भीड़ जमा हो गई। इसी दौरान कुछ लोगों ने वहां दो दुकानों में आग लगा दी। साथ ही दो लोडिंग टेंपो भी जला दिए गए।



**इलाके में भारी पुलिस बल तैनात**

मामले की सूचना मिलते ही एएसपी बुगलाल औ पुलिस उपाधीक्षक बुधराज टांक मौके पर पहुंचे और भीड़ को काबू किया गया। फिलहाल इस मामले में पुलिस की ओर से अधिकृत बयान सामने नहीं आया है, लेकिन मौके पर स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। इलाके में पुलिस बल तैनात किया गया है।

---

**रामगढ़ में किशोरी से दुष्कर्म के बाद हत्या का मामला**

## मांगों पर सहमति के बाद धरना समाप्त

बेधड़क | फतेहपुर

रामगढ़ ग्रमीण इलाके किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या कर शव कुएं में फेंककर हत्या के बाद लोगों में उपजा आक्रोश बढ़ता जा रहा है। घटना के विरोध में गुरुवार को विभिन्न मांगों को लेकर सर्षष समिति ने गुरुवार को फतेहपुर व रामगढ़ के बाजार पूरी तरह से बंद रखे। कोतवाली थानें में तीसरे दौर की वार्ता सफल हुई है। जिला कलेक्ट्रर व एसपी से वार्ता पर बात सहमति बनी।

इसमें पीड़ित परिवार को 25 लाख रुपए का मुआवजा देने की मांग पर सहमति बनी। पूर्व आईपीएस केसर सिंह शेखावत ने इस मामलें को लेकर अहम भूमिका निभाई। वहीं मामलें मे रामगढ़ कस्बे के ढाकास गांव में स्थानीय युवक प्रहलाद मेघवाल मांगों को लेकर गुरुवार सुबह मोबाइल टावर पर चढ़ा गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक से समझाइश कर एक घंटे बाद ही नीचे उतार लिया। वहीं दोपहर करीब 2 बजे डीएसपी कार्यालय के सामने भूख हड़ताल पर बैठे युवकों की तबीयत बिगड़ गई। उनकों भी अधिकारियों ने पानी पिलाकर अनशन तुड़वाया। 11 दिन बाद अखिकार पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग पर सहमति बनी। जिला कलेक्टर व एसपी ने कोतवाली थानें मे तीन बार सघर्ष समिति के सदस्यों से बात की जब जाकर पूर्व आईपीएम ने धरना स्थल पर जिला कलेक्ट्रर सौरभ स्वामी, एसपी परिस देशमुख, डीप्टी रामप्रताप विश्नोई भी पहुंचे।

सर्वसमाज के धरने पर कलेक्ट्रर सौरभ स्वामी ने मुआवजे की घोषणा करवाकर धरने को समाप्त करवाया। जिला कलेक्ट्रर ने कहा मामले का जल्द निस्तारण और उसके लिए वकील नियुक्त करने की भी बात कही गई। मुआवजें को लेकर 10 लाख रुपए सीएम रिलीफ फंड से, 10 लाख पीड़ित प्रतिलिका, 5 लाख रुपए भामाशाह से दिए जाएंगे।



---

**अध्यक्ष ने कहा-पत्रकार हितों की रक्षा के लिए करेंगे काम**

## दौसा प्रेस क्लब का किया उद्घाटन

बेधड़क | दौसा

मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। मीडिया यदि सकारात्मक भूमिका निभाता है तो बड़े से बड़े परिवर्तन लाने में सक्षम है। ये विचार मुख्यमंत्री ओएसडी लोकेश शर्मा ने दौसा जिला प्रेसक्लब शुभारंभ के दौरान फर्स्ट टावर मे स्थित प्रेसक्लब परिसर मे कहे। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की साकारात्मक आलोचना करने की जिम्मेदारी है, तो सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यों को आमजन तक पहुंचाने की भी जिम्मेदारी है।

वहीं थली स्थित दुखभंजन आश्रम के संत बलराम दास महाराज ने क्लब का फीता काटकर शुभारंभ किया। उपस्थित अतिथियों और पत्रकारों को आशीर्वाद प्रदान किया। दौसा सांसद जसकौर मीणा ने संतों को समाज का आदर्श व पथ प्रदर्शक मानते हुए उनसे प्रेरणा लेने की बात कही।

प्रेसक्लब के अध्यक्ष महेश बालाहेड़ी ने बताया कि दौसा जिले में पत्रकारों के हितों की रक्षा, संवाद के लिए जिला प्रेस क्लब का गठन किया गया। क्लब फर्स्ट टावर आगरा रोड दौसा पर खोला गया। इस मौके पर दौसा सांसद जसकोर मीना, पूर्व विधायक शंकर शर्मा, पूर्व सदस्य राजस्थान लोक सेवा आयोग विनोद बिहारी शर्मा, सभापति ममता चौधरी, भाजपा नेता नीलम गुर्जर, बिरदी चंद शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष रतन तिवाड़ी, सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



---

**रोहित मीणा हत्याकांड को लेकर आक्रोश**

# 21 दिन बाद भी कार्रवाई नहीं, लोगों ने जताया विरोध

बेधड़क | दौसा

जिले के रोहित मीणा हत्याकांड में आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होने से गुरुवार को लोगों का आक्रोश उबल पड़ा। लोगों ने कांग्रेस नेता राधेश्याम नांगल के नेतृत्व में दौसा जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान हत्यारों को गिरफ्तार करने की पूरजोर मांग की गई।

गौरतलब है कि रोहित मीणा की हत्या 14 सितंबर को केमरी के इब्राहिमपुर गांव नादौती में हुई थी, जिसमें अभी तक कोई कार्रवाई नहीं होने से लोगों में रोष व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने कांग्रेस नेता राधेश्याम की अगुवाई में पैदल मार्च करते हुए कलेक्टर तक पहुंचकर आक्रोष जताया और धरना दिया। लगभग 15 दिन पहले राधेश्याम नांगल और उनके समर्थकों ने जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक दौसा को ज्ञापन दिया था। इस पर जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की बात कही थी, लेकिन आज तक इसमें कोई कार्रवाई नहीं हुई है। मृतक रोहित मीणा के परिजनों का आरोप है कि राजनीतिक हस्तक्षेप के चलते पुलिस प्रशासन संपूर्ण रूप से शामिल है।



**कोई नहीं दे रहा स्पष्ट जवाब**

रोहित मीना हत्याकांड को लेकर कांग्रेस नेता राधेश्याम नंगल ने आरोप लगाते हुए कहा कि कोई भी अधिकारी स्पष्ट बोलने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि जब हमारे जिले के अंदर ही हमारी बात नहीं सुनी जा रही तो पुलिस और प्रशासन के अधिकारी फिर किसकी सुनेंगे। राधेश्याम ने यह भी कहा कि यह स्पष्ट हो रहा है कि शासन और प्रशासन के लोग सब इस हत्याकांड में शामिल हैं और वोट बैंक की राजनीति के कारण इस हत्याकांड का खुलासा नहीं हो रहा है। कांग्रेस नेता राधेश्याम नांगल ने प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं होती है, तो हम आगे लड़ाई लड़ेंगे और रोहित मीणा को न्याय दिलाकर रहेंगे।

**धरने में ये लोग हुए शामिल**

इस दौरान धरना प्रदर्शन में शामिल मृतक के परिजन कल्याण सहाय मीना, विनोद मीना, राकेश सैनी, रामजीलाल मीणा बैजवाडी, रामधन सैनी, नाथूलाल सैनी, सरपंच दौलतराम मीणा, अनीता बेफलावत, राजेंद्र खुरी, रामकिशन मीना, संतोष खेड़ा, राकेश टिटौली, मोहित रिंग्या महेंद्र, मीनापवन सैनी, विकास मीना और रिंकू डागोलाई सहित कई लोग मौजूद रहे।

---

## सात हजार की रिश्वत लेते एएसआई को किया ट्रैप

बेधड़क | अजमेर

जिला एसीबी टीम ने बुधवार देर शाम कार्रवाई करते हुए अलवर गेट थाने की नाका मदार पुलिस चौकी में तैनात एएसआई को सात हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। आरोपी एएसआई शिकायतकर्ता को लड़की भगाने के संबंध में दर्ज मुकदमे में मदद करने और धारा 151 में बंद करने की धमकी देकर 15 हजार रुपए रिश्वत राशि मांग कर परेशान कर रहा था। एसीबी ने एएसआई के सरकारी आवास एवं अन्य ठिकानों पर तलाशी ली। एडिशनल एसपी अतुल साहू ने बताया कि एसीबी की अजमेर इकाई को पीड़ित की ओर से शिकायत दी गई कि लड़की को भगाने के संबंध में दर्ज मुकदमे में मदद करने और धारा 151 में बंद करने की धमकी देकर अलवर गेट थाने की नाका मदार चौकी पर तैनात एएसआई विजेंद्र सिंह मीणा 15 हजार रुपए रिश्वत राशि मांग कर परेशान कर रहा है।



शिकायत का सत्यापन करने के बाद देर शाम एसीबी टीम ने ट्रैप की कार्रवाई को अंजाम दिया गया। इस दौरान आरोपी एएसआई को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। शिकायत सत्यापन के समय परिवादी से एएसआई पांच हजार रिश्वत राशि वसूल कर चुका था।




# सांगानेर विधानसभा को मिली बडी सौगातें





- सिटी पार्क
- जयपुर चैपाटी
- 2 सरकारी कॉलेज
- 18 इंग्लिश मीडियम फ्री स्कूल
- आयुर्वेद कॉलेज
- हॉर्टिकल्चर कॉलेज
- हजारों रोड़ लाइट्स
- 50 बेड आयुर्वेद हॉस्पिटल
- जनता क्लिनिक
- सैटेलाइट हॉस्पिटल
- पार्को में जिम व झूले
- बीसलपुर पानी की लाइनें
- सैकड़ो कॉलोनियों में बोरिंग
- पृथ्वीराज नगर का विकास
- सैकड़ो कॉलोनियों में सड़के

## माननीय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जी के बजट घोषणा 2023-24 के तहत क़रीबन 15 करोड़ रुपयों में सांगानेर विधानसभा में बनने वाली रोडो की सूची



## पुष्पेंद्र भारद्वाज

जनसेवक, सांगानेर

को जन्मदिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**वार्ड नं. 65: 1.** साईनाथ विहार सिरसी रोड कॉलोनी की डामर रोड-350 मीटर, **2.** श्याम विहार कॉलोनी की बाकी बची हुई डामर रोड-350 मीटर, **3.** बासडी में गोदाम के पास भैरू शर्मा और कालू शर्मा के घर के पास डामर सड़क-200 मीटर, **4.** बाबू खरबास(लड्डा) के घर की डामर रोड हसमपुरा- 100 मीटर, **5.** मुस्लिम बागबान राईसमाज की कॉलोनी में डामर रोड निर्माण-150 मीटर, **6.** कृष्ण कृपा की बची हुई डामर रोड निर्माण-300 मीटर, **7.** मंगल विहार हसमपुरा में डामर सडक का निर्माण -100 मीटर, **8.** बासडी में डामर रोड निर्माण -150 मीटर, **9.** नटराज विहार की बची हुई डामर रोड का निर्माण-250 मीटर, **वार्ड नं. 66: 1.** नोराली की ढाणी भंवर जी शर्मा-400 मीटर डामर रोड निर्माण, **वार्ड नं. 67: 1.** ए-47, ब्लोक वर्धमान सरोवर गणपतपुरा प्लाट न. 36 से 62 तक डामर सड़क निर्माण-400 मीटर, **2.** लक्ष्मी नारायण विहार में डामर सड़क निर्माण-300 मीटर, **3.** नारायण विहार ए-ब्लोक प्लाट न. 71 से पार्क तक डामर सड़क निर्माण- 350 मीटर, **4.** नाक्या वाला भैरू जी बाला जी ब्लेस्सिंग-400 मीटर डामर रोड निर्माण, **5.** असरपुरा ठाकुर जी के मंदिर के आस पास डामर सडक निर्माण-150M (रोड व् मंदिर का चौक), **6.** नारायण विहार में गील की ढाणी में डामर सडक निर्माण-250 मीटर, **7.** खरबासों की ढाणी में राधेश्याम जी खरबास के घर के पास डामर सड़क निर्माण -100, **वार्ड नं. 68: 1.** श्याम विहार बी मान्यावास में डामर सड़क निर्माण-150 मीटर, **2.** त्रिरुपति विहार सी-199 से मैन रोड तक मान्यावास मानसरोवर में डामर सड़क निर्माण-400 मीटर, **वार्ड नं. 69: 1.** मकान न. 21/102 से 21/110 तक डामर सड़क निर्माण-50 मीटर, **2.** मकान न. 21/38 से मध्यम मार्ग तक डामर सड़क निर्माण-125 मीटर, **3.** मकान न. 21/135 से मध्यम मार्ग तक डामर सड़क निर्माण-125 मीटर, **4.** कावेरी पथ सेक्टर 20/21 में 60 से 99 व 103 से 118 तक सडक निर्माण-400 मीटर, **5.** SBI स्कूल के पास से न्यू सांगानेर रोड को जोड़ने वाली सेक्टर 24 में सडक का निर्माण-50 मीटर, **6.** केनरा बैंक वाली गली में 44/104 से 44/115 तक सडक निर्माण -100 मीटर, **वार्ड 70: 1.** 13/458 से 13/464 तक का रोड-50 मीटर, **2.** जनता गर्ल्स पब्लिक स्कूल के पीछे सेक्टर 12 में सडक निर्माण-200 मीटर, **वार्ड नं. 71: 1.** कृष्णा विहार-ए कॉलोनी में खण्डेलवाल बैकर्स मुख्य चौराहा से मंदिर तक डामर सड़क निर्माण- 150 मीटर, **2.** नर्बदेश्वर नगर शिव मंदिर से सागर एन्कलेव व 200 फीट वन्देमातरम मार्ग तक डामर सड़क 400 मीटर, **3.** मुख्य आबादी रामपुरा में अनिल बाल निकेतन स्कूल के पास श्री लालचंद शर्मा जी की ढाणी में 150 मीटर डामर रोड, **4.** सीताराम विहार, सेडूराम नगर, जगदीश नगर कॉलोनियों की डामर रोड निर्माण-750 मीटर, **5.** कालूराम नगर के सामने गनपतपुरा में डामर रोड निर्माण -200 मीटर **6.** खुशी विहार में भंवर जी खरबास के घर तक गली नं. 5 में डामर सडक निर्माण-50 मीटर, **वार्ड 72: 1.** मकान न 81/77 से 81/ 92 नीलगिरी मार्ग में सी.सी. सड़क निर्माण- 300 मीटर, **2.** 65/308 से 65/360 -100 मीटर, **3.** 69/219 से 65/240-50 मीटर, **4.** 69/365 से 354-50 मीटर, **वार्ड नं. 73: 1.** सेक्टर 36-37 में टिबेश्वर महादेव मंदिर के पास सडक निर्माण-50 मीटर, **वार्ड नं. 74 : 1.** श्री कृष्णा कॉलोनी स्थित शनि एन्क्लेव के सामने शिव प्रोपर्टीस तक डामर सड़क निर्माण- 500 मीटर, **2.** श्रीकृष्ण कॉलोनी में डामर रोड निर्माण-250 मीटर, **3.** महाराजा किशन सिंह नगर कॉलोनी में डामर रोड निर्माण-300 मीटर, **4.** कृष्णा सरोवर से श्री हित कुञ्ज 44 लादूराम की ढाणी में डामर सडक निर्माण-200 मीटर, **वार्ड 75: 1.** 121 / 50 वाली डामर सड़क का निर्माण-150 मीटर, **2.** 123/225 वाली डामर सड़क का निर्माण-50 मीटर, **3.** 123/240 वाली डामर सड़क का निर्माण-100 मीटर, **4.** 123/204 वाली डामर सड़क का निर्माण-150 मीटर, **वार्ड 76: 1.** 73/16 से 73/188 तक डामर सड़क का निर्माण- 200 मीटर, **2.** 73/94 से 73/112 तक डामर सड़क का निर्माण- 100 मीटर, **3.** 73/205 से 73/225 तक डामर सड़क का निर्माण- 100 मीटर, **4.** 74/32 से 74/41 तक डामर सड़क का निर्माण- 75 मीटर, **5.** गणपति नगर लैंडस्केप पार्क के पास में सडक निर्माण-125 मीटर, **6.** सेक्टर 7 में मकान सं. 72/35 से 72/48 के सामने सडक निर्माण-100 मीटर, **7.** रामेश्वरम शिव मंदिर पार्क के चारों तरफ सडक निर्माण-250 मीटर, **वार्ड 77 : 1.** मोहन नगर में डामर सड़क निर्माण कार्य- 300 मीटर, **2.** विश्वश्वरैया नगर विस्तार में- 600 मीटर डामर रोड का निर्माण, **3.** मंगल विहार विस्तार में डामर सड़क निर्माण 200 मीटर, **4.** गणेश विहार कॉलोनी में डामर सड़क निर्माण 400 मीटर, **वार्ड 78: 1.** श्री गोपाल नगर प्लाट न. 161 से 169 तक डामर सड़क 200 मीटर, **2.** श्री गोपाल नगर ब्लोक सी में प्लाट न. 209 से 222 तक डामर सड़क निर्माण- 200 मीटर, **3.** महेश नगर थाने से श्री गोपाल नगर प्लाट न. 44 तक डामर सड़क निर्माण- 250 मीटर, **4.** सूर्य नगर में परमहंस धाम के पीछे सडक निर्माण-500 मीटर, **वार्ड 79: 1 .** बैंक कॉलोनी प्लाट न. बी. 101 गुर्जर बाबा हलवाई की दुकान से हरियाणा सुहागन लोन तक डामर सड़क निर्माण- 500 मीटर, **2.** कृष्णा विहार गोपालपुरा बाईपास से अग्रसेन भवन तक डामर सड़क निर्माण- 500 मीटर, **3.** जेम्स इंडिया से प्लाट न. 05 तक डामर सड़क निर्माण-150 मीटर, **4.** कृष्णा विहार विस्तार नगर में सड़क निर्माण-150 मीटर, **वार्ड नं. 80: 1.** गंगोत्री नगर में डामर सड़क निर्माण कार्य- 200 मीटर, **2.** जगन्नाथपुरी ॥ में 3 टुकड़े डामर सडक निर्माण-250 मीटर, **वार्ड न. 81: 1.** 258 जादोन नगर ए से 102 जादोन नगर ए मेन सड़क 300 मीटर, **2.** 315 जादोन नगर गली न. 6 में सडक निर्माण-100 मीटर, **3.** 368 जादोन नगर ए तक -150 मीटर, **4.** 316 जादोन नगर ए से 376 जादोन नगर ए तक गली नं. 7 में -150 मीटर, **वार्ड 82: 1.** मकान न. 93 / 60 से मकान 93 / 91 तक डामर सड़क निर्माण- 100 मीटर, **2.** मकान न. 93 / 15 से मकान 93 / 30 तक डामर सड़क निर्माण- 50 मीटर, **3.** 111/67 से 111/76 तक सडक निर्माण-75 मीटर, **4.** 111/169 से 111/182 तक सडक निर्माण -100 मीटर, **5.** 111/159 111/168 तक सडक निर्माण-75 मीटर, **वार्ड नं. 83: 1.** सूरज नगर में डामर रोड निर्माण- 50 मीटर, **2.** दादूदयाल नगर A ब्लाक में प्लाट नं. 155 राधा गोविन्द अपार्टमेंट की डामर रोड-50 मीटर, **3.** दादू दयाल नगर CD ब्लाक P.N. 229 गोकुल धाम गजेन्द्र सिंघल-50 मीटर डामर रोड, **4.** गणपति नगर कॉलोनी में हरी मीना जी व रमजान वाली गली की डामर रोड-200 मीटर, **5.** श्री कृष्णा नगर रामपुर रोड जवाला मारू-170 मीटर डामर रोड कार्य, **6.** पेट्रोल पंप के सामने मुहाना मंडी लिंक डामर रोड-150 मीटर, **7.** दादूदयाल नगर E ब्लाक में डामर रोड निर्माण -100 मीटर, **8.** श्री जी नगर हाई टेंसन रोड-350 मीटर, **9.** कल्याणपुरी कॉलोनी की रोड-120 मीटर, **10.** कल्याणपुरी व कल्याणपुरी बी कॉलोनी की डामर रोड-200 मीटर, **11.** बाल विहार कॉलोनी में फैलीराम मीना जी के घर तक की रोड-100 मीटर, **12.** मानसी विहार कॉलोनी की मुख्य रोड-400 मीटर, **13.** पटेल नगर राधेकृष्णा , मनीषा अपार्टमेंट वाली गली रोड नं. 34,35 में सडक निर्माण-150 मीटर, **वार्ड 84: 1.** सैक्टर-04 रीको लिंक डामर सड़क का निर्माण कार्य- 200 मीटर, **वार्ड 85: 1.** सैक्टर 119 /235 पार्क वाली डामर सड़क का निर्माण कार्य- 100 मीटर, **वार्ड 86: 1.** मीणों का मोहल्ला दुर्गापुरा में डामर सड़क का निर्माण-50 मीटर, **2.** सुरेश नगर दुर्गापुरा में डामर सड़क- 100 मीटर, **3.** नटराज की गली 100 मीटर, **4.** शीतला मार्केट गली 100 मीटर, **5.** अर्जुन नगर रेलवे लाइन 150 मीटर, **वार्ड 87: 1.** कृषि नगर द्वितीय में शिव मंदिर के पीछे पुराणी आबादी मकान न. 1 से 8 तक डामर सड़क निर्माण- 100 मीटर, **2.** गायत्री नगर ए प्लाट न. 136 से 145 तक डामर सड़क निर्माण- 70 मीटर, **3.** गायत्री नगर ए प्लाट न. 56 से 59 तक डामर सड़क निर्माण- 30 मीटर, **4.** गायत्री नगर ए प्लाट न. 290 से 298 तक डामर सड़क निर्माण- 37 मीटर, **5.** गायत्री नगर ए प्लाट न. 255 से 264 तक डामर सड़क निर्माण- 40 मीटर, **6.** सूर्य नगर मुख्य सड़क पेट्रोल पम्प से बाजार एंव मंदिर होते हुए बी 2 बाईपास तक डामर सड़क का निर्माण- 600 मीटर, **वार्ड नं. 88 : 1.** गोविन्द नगर में रोड निर्माण-400 मीटर, **2.** सरपंच की ढाणी से सरिता विहार तक सडक निर्माण-300 मीटर, **वार्ड नं. 89: 1.** इन्द्रपुरी कॉलोनी में जगदीश छिपा प्लाट नं. 68 से रमेश मारवाड़ के मकान तक-200 मीटर, **वार्ड नं. 90: 1.** सांगासेतु के पास उषा विहार में सांगा पुलिया से गणेश कॉलोनी को जोड़ने वाली नई डामर सडक-300 मीटर, **2.** इन्द्रपुरी में शुभम टेक्सटाइल के पास सडक निर्माण-150 मीटर, **वार्ड नं. 91: 1.** मुख्य सड़क से श्याम नगर थर्ड डी गोपी नगर होते हुए सी आर मेमोरियल स्कूल को जोड़ते हुए 200 फिट मंडी डामर रोड तक – 150 मीटर, **2.** जनता कॉलोनी डामर रोड निर्माण-250 मीटर, **3.** मेवातियों की ढाणी में डामर रोड निर्माण-50 मीटर, **4.** घौस्ल्या की ढाणी हाज्यवाला-200 मीटर डामर रोड, **5.** स्वर्ण विहार मास्टर जी की ढाणी, रोलानिया की ढाणी हाज्यावाला में डामर रोड-200 मीटर, **6.** चन्द्रशेखर चौधरी वाली कॉलोनी में डामर सडक निर्माण-200 मीटर, **वार्ड नं. 92: 1.** शिव कॉलोनी में प्रेमनाथ कुमावत मकान न. 60 के मकान से ईदू भाई के मकान वाया अशोक कुमावत के मकान तक सी.सी. सड़क निर्माण- 300 मीटर, **2.** शिव कॉलोनी 1ST एंव 2ND-200 मीटर डामर सडक निर्माण, **3.** अशोक विहार विस्तार में डामर सडक निर्माण-200 मीटर, **4.** हाजी कॉलोनी ईद गाह के पीछे-200 मीटर डामर सडक निर्माण, **5.** पीली का खाना में प्रेम विहार कॉलोनी ए और बी में डामर रोड-200 मीटर, **6.** गणेश कॉलोनी मेवातीओ की ढाणी में डामर रोड -400 मीटर, **7.** हरि नगर जादोन नगर-225 मीटर डामर रोड, **8.** प्रेम विहार कॉलोनी ABC भोमिया जी का चबूतरा में डामर रोड निर्माण-250 मीटर, **9.** किसान कॉलोनी ॥ में डामर सडक निर्माण-300 मीटर, **10.** प्रियंका कॉलोनी RGB स्कूल तक डामर सडक निर्माण -175 मीटर, **वार्ड नं. 93: 1.** सुधा सागर अतिथि गृह से उमरवाल भवन तक -80 मीटर, **2.** खंडेलवाल स्कूल का राधा बल्लभ मार्ग वाला कोना- 60 मीटर, **3.** किसन मुनीम के मकान से लेकर राकेश जैन के मकान तक फिर जैन मंदिर तक रोड-120 मीटर, **4.** लोटरी वाली गली श्री रामनगर कॉलोनी-50 मीटर, **5.** गाँधी मार्किट तहसील के पास सडक निर्माण-100 मीटर, **वार्ड नं. 94: 1.** हायर सैकंडरी स्कूल के सामने से मनभर पेलेस तक डामर सड़क निर्माण- 150 मीटर, **2.** बावड़ी का बास में अर्चना स्कूल वाली गली में -150 मीटर डामर रोड, **3.** तेजाजी के बाड़े के पास टाउन स्कूल के पास गणेश विहार कॉलोनी में डामर सडक निर्माण-60 मीटर, **वार्ड नं. 95: 1.** गायत्री नगर ॥ में श्योजीराम के मकान के पास डामर सडक निर्माण-120 मीटर, **2.** गोशाला के पास पानी की टंकी के आस-पास विष्णु जी के मकान वाला क्षेत्र- 200 मीटर, **3.** लाडकों की ढाणी दक्ष पैलेस के सामने सडक निर्माण -145 मीटर, **4.** जैन विहार कंवर का बाग़ में सडक निर्माण -200 मीटर, **5.** रामेड़ो की ढाणी सेक्टर 3 पानी की टंकी के पास फूल कॉलोनी की मुख्य सडक का निर्माण-300 मीटर, **6.** वायरलेस ऑफिस के सामने प्रेम नाटाणी वाली गली में सडक निर्माण-200 मीटर, **7.** लल्लू जी फूल वालो की ढाणी में सडक निर्माण -100 मीटर, **वार्ड नं. 96: 1.** श्याम नगर सायपुरा में लक्ष्मी गार्डन के पीछे डामर सडक निर्माण -150 मीटर, **2.** टोडावतों की ढाणी सायपुरा में डामर सडक निर्माण -100 मीटर, **3.** तिलक नगर मे डामर सडक निर्माण -200 मीटर, **4.** गोविन्द नगर में राजेश कुमावत वाली गली में डामर सडक निर्माण -100 मीटर, **5.** गोविंद नगर में बन्ना जी की गली में डामर सडक निर्माण -100 मीटर, **6.** झुलेलाल नगर में डामर सडक निर्माण -250 मीटर, **7.** गोपाल विहार में डामर सडक निर्माण-200 मीटर, **8.** देव नगर सैंटजोसेफ स्कूल वाली डामर सडक का निर्माण-150 मीटर, **9.** विक्रमादित्य नगर में डामर सडक निर्माण-100 मीटर, **10.** गंगा सागर कॉलोनी में डामर सडक निर्माण-200 मीटर, **11.** श्याम विहार व् हीराविहार की गली को कॉलेज की बाउंड्री से जोड़ने वाली डामर सडक का निर्माण-350 मीटर, **वार्ड नं. 97: 1.** गैस गोदाम से पांडूओ की ढाणी तक डामर सड़क का निर्माण-500 मीटर, **2.** दलस्यों की ढाणी में श्रवण जी के मकान तक डामर सडक निर्माण-200 मीटर, **3.** मोटा बाबा की ढाणी व गेटबाबा की ढाणी में डामर सडक निर्माण -200 मीटर, **4.** मीणा की ढाणी कोकावास में डामर सडक निर्माण-200 मीटर, **5.** गोविन्दपुरा रोड से उत्कर्ष स्कूल तक देलास्यों की ढाणी में डामर सडक निर्माण- 200 मीटर, **6.** कल्याण नगर बी रामसिंहपूरा का बास में डामर सडक निर्माण-250 मीटर, **7.** ज्ञानविहार शिकारपुरा में बैरवों की ढाणी में डामर सडक निर्माण-150 मीटर, **8.** जगदीश विहार जैन नसिया रोड में डामर सडक निर्माण-200 मीटर, **9.** राजविहार संजय सिटी जोतड़ावाला में डामर सडक निर्माण-200 मीटर, **10.** दयाराम सैनी कॉलोनी बाजणीतलाई में डामर सडक निर्माण -100 मीटर, **11.** बागडों का बड सायपुरा रोड पर खूबजी की ढाणी में डामर सडक निर्माण -150, **12.** दलास्यों की ढाणी जैन नसियां रोड में डामर सडक निर्माण-100 मीटर, **वार्ड नं. 98: 1.** एस.एस. पब्लिक स्कूल के सामने वाली डामर सड़क का निर्माण कार्य- 100 मीटर, **2.** कृषि नगर में डामर सड़क निर्माण कार्य- 200 मीटर, **3.** शिक्षा सागर विस्तार में डामर सड़क निर्माण कार्य- 400 मीटर, **4.** श्याम नगर , ब्राह्मणों की ढाणी, मीणा की ढाणी से कृषि नगर धोबी बाबा से गोमतेश्वर मंदिर तक, विनर्स चौराहे से पत्रिका तिराहे तक डामर रोड का निर्माण कार्य -800 m, **5.** रामसिंह कॉलोनी मैन रोड गली नं. 9 में डामर रोड का निर्माण कार्य -400 m, **6.** शिक्षा सागर 50 फीट रोड से रामदेव जी के मंदिर गोविन्द विहार मुख्य रोड तक डामर रोड का निर्माण कार्य -350 m, **7.** विनर्स के पास गली, प्रिंस के सामने गली, मसाले वालों की गली में डामर सडक निर्माण -100 मीटर, **वार्ड नं. 99: 1.** सेक्टर 5 प्रताप नगर पि.एच.इ.डी. ऑफिस होते हुए मनु पंचौली के मकान तक डामर सड़क निर्माण कार्य- 600 मीटर, **2.** महावीर नगर डी में डामर सड़क निर्माण कार्य- 400 मीटर, **3.** गिर्राज विहार में डामर सड़क निर्माण कार्य- 600 मीटर, **4.** हनुमान सिटी इन्द्रपुरी सीताराम मीणा की ढाणी रेलवे लाइन के पास डामर रोड-150 मीटर, **5.** सुन्दर विहार से कमल कॉलोनी तक रेलवे लाइन के सामानांतर डामर सडक निर्माण-200 मीटर, **6.** महावीर नगर डी व गिर्राज विहार में डामर सडक निर्माण-400 मीटर, **7.** श्री जी नगर इंडियन गैस गोदाम के पीछे डामर सडक निर्माण-350 मीटर, **8.** शिव शक्ति कॉलोनी से रेलवे लाइन के पास होते हुए कमल कॉलोनी तक डामर सडक निर्माण-150मीटर, **9.** अनीता कॉलोनी में निर्माण-250 मीटर, **10.** 50/227 के सामने से 150/371 तक I- 200 मीटर, **11.** 50/157 के सामने से 50/36 तक I- 250 मीटर, **12.** 51/83 से टौक रोड पंजाब नैशनल बैक तक I- 120 मीटर, **13.** 34/94 से 34/445 से 34/459 तक सडक निर्माण-250 मीटर, **14.** 52/146 से 52/156 तक सडक निर्माण-50 मीटर, **15.** 52/26 से 52/19 तक सडक निर्माण-50 मीटर, **16.** स्टार हॉस्पिटल के बगल में LBS के पीछे सामुदायिक केंद्र के सामने सडक निर्माण – 300 मीटर, **वार्ड नं. 100 : 1.** तुलसी नगर चौधरी पेट्रोल पम्प के पीछे व तुलसी नगर विस्तार में डामर रोड निर्माण -350 मीटर, **2.** तिरुपति बाला जी नगर का डामर रोड-150 मीटर, **3.** सीताराम कॉलोनी ॥ में डामर रोड-100 मीटर, **4.** जगन्नाथ पूरी सेक्टर 65 के पास लगभग - 250 मीटर डामर रोड, **5.** सीताराम कॉलोनी (I) में सडक डामर निर्माण -50 मीटर, **6.** 63/54 से 63/71 तक डामर सडक निर्माण-70 मीटर, **7.** बैरवा कॉलोनी में शिव कॉलोनी में डामर सडक निर्माण -30 मीटर, **वार्ड नं. 101: 1.** दीपक कॉलोनी रमेश धावाई वाली गली में डामर सड़क निर्माण कार्य-300 मीटर, **2.** मारुती कॉलोनी का डामर रोड -250 मीटर, **3.** सेक्टर 75 व 76 के मुख्य डामर रोड निर्माण-200 मीटर, **4.** लक्ष्मी विहार डामर रोड -200 मीटर, **5.** कपिल विहार डामर रोड -150 मीटर, **वार्ड नं. 102: 1.** अलकनंदा अपार्टमेंट के अन्दर की विभिन्न डामर सड़को का निर्माण-300 मीटर, **2.** सेक्टर 82/317 से 82/372 तक व 82/253 से 82/308 तक-150 मीटर डामर सड़क का निर्माण, **3.** सावित्री विहार में डामर सडक निर्माण-200 मीटर, **4.** गोपालपुरी मालियों की ढाणी डामर सड़क निर्माण कार्य -150 मीटर, **5.** हल्दीघाटी रोड श्याम विहार अलकनंदा के पास होते हुए रेगर मोहल्ले से सेक्टर 9 तक डामर सड़क निर्माण -250 मीटर.

ATUL

**विशेष सूचनाः** सभी कार्य मुख्यमंत्री जी की बजट घोषणा में जनसेवक पुष्पेन्द्र भारद्वाज की अनुशंसा से हो रहे है। इन कार्यों का कोई ओर झूठा श्रेय लेने आए तो आप स्वयं जवाब दें

**निवेदकः** टीम पुष्पेन्द्र भारद्वाज, सांगानेर विधानसभा क्षेत्र, जयपुर

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश और गुरदीप सप्पल ने भाजपा पर बोला जुबानी हमला, हिंसा भड़काने की कोशिश का लगाया आरोप

# BJP ने राहुल को बताया नए युग का रावण, कांग्रेस का पलटवार

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर राहुल गांधी का एक पोस्टर जारी किया और उन्हें नए जमाने का रावण बताया।

बीजेपी ने लिखा, नए जमाने का रावण यहां है। वे दुष्ट, धर्म और राम विरोधी हैं। उनका एक मात्र लक्ष्य देश को बर्बाद करना है। भाजपा की ओर से जारी पोस्टर में राहुल गांधी के 7 सिर दिखाए गए हैं। इस पर लिखा है- भारत खतरे में है। तस्वीर के ठीक नीचे बड़े अक्षरों में रावण लिखा हुआ है। कांग्रेस ने इस पर पलटवार करते हुए कहा कि यह उसके पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ हिंसा भड़काने का प्रयास है, लेकिन वह इससे डरने वाली नहीं है। ग्राफिक्स के माध्यम से फिल्म के पोस्टर की तरह तैयार इस तस्वीर के शीर्ष पर लिखा गया है 'भारत खतरे में है'। साथ ही राहुल गांधी की तस्वीर पर 'रावण' तथा तस्वीर के नीचे के हिस्से में 'ए कांग्रेस पार्टी प्रोडक्शन (कांग्रेस पार्टी द्वारा निर्मित) और 'जॉर्ज सोरोस द्वारा निर्देशित' लिखा गया है। जॉर्ज सोरोस एक अमेरिकी अरबपति हैं और भाजपा उन पर भारत के खिलाफ एजेंडा चलाने का आरोप लगाती रही है।



## कांग्रेस ने कहा- 'भारत में सदैव सत्यमेव जयते'

भाजपा के इस पोस्ट को लेकर सत्तारूढ़ पार्टी पर पलटवार करते हुए कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि भाजपा के आधिकारिक हैंडल पर राहुल गांधी को रावण के रूप में दिखाने वाले घटिया ग्राफिक के पीछे वास्तविक मंशा क्या है? इसका स्पष्ट रूप से एक ही मकसद है, एक कांग्रेस सांसद और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ हिंसा के लिए उकसाना और भड़काना, जिनके पिता और दादी की हत्या उन ताकतों ने की थी जो भारत को तोड़ना चाहते थे। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री का हर दिन झूठ बोलकर मानसिक रूप से बीमार होने और आत्ममुग्धता के विकार



से पीड़ित होने का सबूत देना एक बात है, लेकिन अपनी पार्टी से इस तरह के घृणा से भरे कंटेंट बनवाना न केवल पूरी तरह से अस्वीकार्य है, बल्कि बेहद खतरनाक भी है। कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य गुरदीप सप्पल ने 1945 में एक पत्रिका में प्रकाशित एक चित्र का हवाला दिया और दावा किया कि भाजपा के वैचारिक पूर्वजों ने महात्मा गांधी समेत 10 स्वतंत्रता सेनानियों को दशानन के रूप में चित्रित किया था, लेकिन वर्तमान समय में भाजपा उन्हीं महापुरुषों की विरासत को अपनाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि एक बार आपके पूर्वजों ने ऐसा ही एक कार्टून छापा था। इसमें गांधी, सरदार पटेल, सुभाष चंद्र बोस, नेहरू को रावण के रूप में दर्शाया गया था, जबकि विनायक दामोदर सावरकर और श्यामा प्रसाद मुखर्जी को राम और लक्ष्मण के रूप में। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी एक ऐसे रास्ते पर चल रहे हैं जो आपको एक बार फिर झुकने पर मजबूर कर देगा, क्योंकि 'भारत में सदैव सत्यमेव जयते।'

## NCP सिंबल पर चुनाव आयोग की सुनवाई आज




**नई दिल्ली।** एनसीपी के इलेक्शन सिंबल के अधिकार पर सुनवाई करेगा। आयोग ने शरद और अजित दोनों गुटों को सुनवाई के लिए बुलाया है। ये दोनों ही गुट पार्टी पर अपना दावा कर रहे हैं। शरद पवार ने दिल्ली में पार्टी की वर्किंग कमेटी की मीटिंग में कहा कि एनसीपी का चुनाव चिह्न बदलने की कोशिश हो सकती है। अगर पार्टी का चुनाव चिह्न चला भी जाए तो चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। शरद पवार ने कहा कि भाजपा को अपना इलेक्शन सिंबल बदल कमल के फूल की जगह वॉशिंग मशीन को चुनाव चिह्न बनाना चाहिए। नेताओं की धुलाई के लिए।

## मंत्री ठाकुर ने किया भ्रष्टाचार स्कैनर एप लॉन्च



**रायपुर।** केंद्रीय खेल एवं युवक कल्याण मंत्री अनुराग ठाकुर ने रायपुर में भ्रष्टाचार स्कैनर भू-पे एप लॉन्च किया। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस से लड़ने बीजेपी की ये अहम रणनीति मानी जा रही है। बीजेपी का दावा है कि वो इस स्कैनर के जरिए भूपेश बघेल सरकार के सभी भ्रष्टाचार को लोगों तक पहुंचाएगी। केंद्रीय मंत्री ने इस एप को लॉन्च करते हुए भूपेश सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने टेक्नोलॉजी का उपयोग करके भू-पे एप बनाया है, जो छत्तीसगढ़ की सरकार की भ्रष्टाचार की पोल खोलेगी।

PM ने जबलपुर में दुर्गावती स्मारक का किया शिलान्यास, कहा...

# त्रिशक्ति से कांग्रेस के भ्रष्ट तंत्र को किया तबाह: मोदी

**एजेंसी** | जबलपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को मध्य प्रदेश के जबलपुर दौरे पर रहे। यहां उन्होंने वीरांगना रानी दुर्गावती के स्मारक का शिलान्यास किया। साथ ही 12 हजार करोड़ की परियोजनाओं की भी शुरुआत की। इसके बाद सभा को संबोधित करते हुए पीएम ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोलते हुए कहा- 2014 से पहले क्या होता था, ये आज के युवाओं को पता नहीं होगा। तब अखबारों में हजारों करोड़ के घोटालों की हेडलाइन बनती थीं।

देश के गरीबों के कल्याण के लिए खर्च होने वाला पैसा कांग्रेस नेताओं की तिजोरियों में जा रहा था। भाजपा सरकार बनने के बाद हमने कांग्रेस सरकार की बनाई भ्रष्ट व्यवस्था साफ कर दिया। जनधन, आधार और मोबाइल की त्रिशक्ति से कांग्रेस के भ्रष्ट तंत्र को तहस-नहस किया गया। सरकारी दफ्तरों से 11 करोड़ फर्जी नामों हटाया गया। ये लोग बिना जन्म लिए ही, गरीबों का पैसा खा रहे थे। पीएम ने कहा-कांग्रेस के एक प्रधानमंत्री कहते थे कि एक रुपए भेजते हैं तो 15 पैसा पहुंचता है। 85 पैसे कौन सा पंजा खींच लेता था। मोदी ने आकर सब साफ कर दिया।

## ■ कांग्रेस की भ्रष्ट व्यवस्था को बदला, गरीबों का पैसा नहीं लूटने दूंगा



### कांग्रेस ने आदिवासियों के योगदान को नहीं दी पहचान

पीएम मोदी ने कहा कि आजादी के बाद जिस दल ने इतने सालों तक देश में सरकार चलाई, उसने आदिवासियों को सम्मान नहीं दिया। उनके योगदान को पहचान नहीं दी? उन्हें भुला दिया गया। देश को पहली महिला आदिवासी राष्ट्रपति देने का सौभाग्य भी भाजपा को मिला। आजादी के बाद जो दल सरकार में दशकों तक बैठा रहा, उसने सिर्फ एक परिवार की चरण वंदना करने का काम किया। देश की परवाह नहीं की।

### भारत को गाली देने लगे ये लोग

पीएम मोदी ने कहा, पूरी दुनिया भारत का गुणगान कर रही है, लेकिन जिस राजनीतिक दल पर स्वार्थ हाबी हो गया हो, जिनका सब लुट गया है, उन्हें कुर्सी के सिवाय कुछ नहीं दिखता है। भाजपा को गाली देते देते ये लोग अब भारत को गाली दे रहे हैं। देश का अपमान कर रहे हैं। इन लोगों ने हमारे डिजिटल इंडिया अभियान का मजाक उड़ाया। अब परिणाम सबके सामने हैं। इन लोगों ने कोरोना वैक्सीन पर भी सवाल उठाकर देश के वैज्ञानिकों का भी अपमान किया। पीएम ने कहा कि आज एक तरफ देश की उपलब्धियों का चर्चा पूरी दुनिया कर रही है, लेकिन अब ये लोग इस हद तक चले गए कि भाजपा को गाली देने के साथ-साथ देश को भी गाली देने लगे हैं। उन्होंने कहा कि देश के सेना के जवानों की बात उन्हें सही नहीं लगती है। आतंकियों की बात उन्हें अच्छी लगती है। देश ने अमृत महोत्सव मनाया है, लेकिन ये लोग आजादी के अमृत काल का भी मजाक उड़ाते हैं।




### मोदी को मिले झूठ रत्न: कांग्रेस

**भोपाल।** कांग्रेस ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जबलपुर दौरे पर जमकर प्रहार किया। कांग्रेस की ओर से राष्ट्रीय प्रवक्ता साधना भारती ने भोपाल में पत्रकारों से चर्चा में सवाल उठाते हुए कहा कि रानी दुर्गावती के वंशजों के साथ अर्थात आदिवासियों के साथ जिस तरह का बर्बारतापूर्ण बर्ताव उनकी डबल इंजन की सरकार के अंतर्गत मप्र में हो रहा है, उस पर एक शब्द भी क्यों नहीं बोले? मोदी प्रधानमंत्री कम और भाजपा के प्रचार मंत्री की भूमिका ज्यादा निभाते हैं। आरएसएस की कठपुतली बन कर जुमलों से लोगों को बहलाते हैं। भारती ने कहा कि मोदीजी अब जुमलेबाजी बंद कीजिए, अपने मन की बात बंद कीजिए। मोदीजी चुनावी घोषणाएं बंद कीजिए, अब सब जान चुके हैं कि मोदी की गारंटी-झूठ की गारंटी है और भाजपा की सरकार में 50 प्रतिशत लूट की गारंटी है। मोदी जी न रामवादी हैं, न हिंदुत्ववादी हैं, मोदी जी केवल झूठवादी हैं।




10 अक्टूबर को फिर होगी सुनवाई

# संजय सिंह 5 दिन की ED रिमांड पर

**एजेंसी** | नई दिल्ली

दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह को 5 दिनों की रिमांड पर भेज दिया गया। प्रवर्तन निदेशालय ने अदालत में 10 दिनों की रिमांड की मांग की थी। हालांकि, ईडी को महज 5 दिनों की रिमांड मिली है।

अदालत में संजय सिंह को लेकर सुनवाई के दौरान वकील ने अपना पक्ष रखा। संजय सिंह की ओर से अदालत में मौजूद मोहित माथुर ने कहा कि इस मामले में जांच जारी है और कभी खत्म नहीं होगी। मोहित माथुर ने कहा कि दिनेश अरोड़ा इस मामले में मुख्य आरोप है, उसे पहले इन्हीं एजेंसियों ने आरोपी के तौर पर पकड़ा था। बाद में वह मामले में सरकारी गवाह बन गया। रिमांड पर भेजे जाने के बाद संजय सिंह ने कहा कि यह झूठा और आधारहीन केस है। हम डरेंगे नहीं, हम लड़ेंगे। आप सांसद अब 10 अक्टूबर तक ईडी की रिमांड पर रहेंगे। इससे पहले संजय सिंह की रिमांड पर सुनवाई के दौरान ईडी ने अदालत में कहा कि संजय सिंह का डिजिटल सबूतों से आमना-सामना कराना है।



### पीएम मोदी पर साधा निशाना

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इससे पहले कहा कि ये लोग सारे झूठे केस लगा रहे हैं। इतने केस लगा लिए, इतनी जांच कर ली, लेकिन कुछ निकलता तो है नहीं। इस जांच-जांच के खेल में सबका समय खराब होता है। इससे पहले आप सांसद संजय सिंह जब राउज एवेन्यू कोर्ट पहुंचे थे तब इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि प्रधानमंत्री चुनाव हार रहे हैं, इसलिए ऐसा करवा रहे हैं।

## कांग्रेस कार्य समिति की बैठक 9 अक्टूबर को

**नई दिल्ली।** कांग्रेस वर्किंग कमेटी की अगली बैठक नौ अक्टूबर को नई दिल्ली में होगी। इस मीटिंग में पांच राज्यों के आगामी विधानसभा चुनावों के लिए रणनीति, जाति जनगणना और कुछ अन्य विषयों पर चर्चा होने की संभावना है। कांग्रेस पार्टी सूत्रों ने बताया कि आगामी सोमवार को पार्टी मुख्यालय में होने वाली कार्य समिति की बैठक में इस साल के आखिर में प्रस्तावित मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम के विधानसभा चुनावों की तैयारियों, देश के मौजूदा राजनीतिक हालात, जाति जनगणना, जांच एजेंसियों के दुरुपयोग और कुछ अन्य राजनीतिक एवं आर्थिक मुद्दों पर चर्चा संभव है। कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव से कुछ सप्ताह पहले हो रही है। माना जा रहा है कि इसमें चुनाव की रणनीति के साथ चुनाव से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा होगी। कांग्रेस राजस्थान और छत्तीसगढ़ में सत्तारूढ़ है तो भाजपा मध्य प्रदेश में, भारत राष्ट्र समिति तेलंगाना में और मिजोरम नेशनल फ्रंट मिजोरम में सत्तासीन है।

नीतीश-लालू पर भी बोला हमला

# जेपी नड्डा बोले-बिहार में किसी को अपने कंधे पर नहीं बैठाएगी भाजपा

**एजेंसी** | पटना

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव तथा उनके परिवार पर जमकर हमला बोला है। नड्डा ने कहा कि कभी गांधी परिवार का विरोध करने वाले लालू आज उनके साथ खड़े हैं।



सत्ता के लिए लालू ने समझौता किया। नड्डा ने आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष तुष्टीकरण की राजनीति कर रहा है। वहीं नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए नड्डा ने कहा कि भाजपा अब किसी को कंधे पर नहीं बैठाएगी। राजधानी पटना के बापू सभागार में आयोजित कैलाशपति मित्र की 100वीं जयंती के मौके पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान नड्डा ने ये बातें कहीं। नड्डा ने कहा कि क्षेत्रीय पार्टियां बनती हैं, फिर वह भ्रष्टाचार करती है और परिवारवाद की पोषक बन जाती है। सामाजिक न्याय की बात करने वाले अपने परिवार का विकास करते हैं। बीजेपी सामाजिक न्याय की बात ही नहीं करती बल्कि उस पर अमल भी करती है। देश में ऐसी परिवारवादी पार्टियों का अस्तित्व नहीं बचेगा। नड्डा ने 2024 में नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से 2025 में भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि मैं फिर से दुहरा रहा हूं कि परिवारवादी पार्टियों का खात्मा निश्चित है। आज मैं बिहार में हूं, यहां क्या स्थिति है...। लालू के बाद राबड़ी देवी फिर तेजस्वी यादव, मीसा भारती. यही लोग तो हैं। यह सभी लोग परिवारवादी और भ्रष्टाचार से जुड़े हुए लोग हैं। अभी कल ही तो यह लोग भ्रष्टाचार केस में बेल करा कर आए हैं। न सिर्फ बिहार बल्कि उत्तर प्रदेश जहां अखिलेश यादव हैं, उसके बाद डिंपल यादव। बंगाल में ममता बनर्जी और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी हैं। अन्य राज्यों में भी परिवादी पार्टियां हैं जो सिर्फ परिवार के लिए काम कर रही हैं।

## जनाक्रोश सभा में भाजपा पर जमकर बरसीं प्रियंका गांधी

**मोहनखेड़ा।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मध्य प्रदेश में अपने चुनावी अभियान का आगाज मालवा-निमाड के राजगढ़ से किया। उन्होंने यहां जनाक्रोश सभा में बेरोजगारी, घोटाले, किसान और महंगाई से जुड़े मुद्दे उठाए। मध्यप्रदेश कांग्रेस का फोकस इस बार मालवा-निमाड़ है। आदिवासी बहुल इलाके में कांग्रेस के बड़े नेता लगातार आ रहे हैं। गुरुवार को प्रियंका गांधी धार जिले के मोहनखेड़ा में थीं।



उन्होंने आदिवासियों को साधने के साथ प्रदेश की सरकार पर जमकर हमला किया। चुनाव की तारीखों के एलान के बाद ही प्रियंका गांधी प्रदेश में अपने दौरे तेज कर देंगी। प्रियंका गांधी मालवा-निमाड़ में लगभग 10 सभाओं को संबोधित करेंगी। इन रैलियों में कई बार राहुल गांधी भी नजर आएंगे। एमपी में चुनावी अभियान को लीड प्रियंका ही करेंगी। 47 मिनट के भाषण में उन्होंने महिलाओं से जुड़ी बातें की और कहा कि प्रदेश में महिलाओं के साथ राजनीतिक खिलवाड़ हो रहा है। महिला अत्याचार सबसे ज्यादा इस प्रदेश में हो रहे हैं। प्रियंका ने मुख्यमंत्री शिवराज पर निशाना हुए कहा कि प्रदेश से राजा जा रहा है। मोदी आजकल शिवराज का नाम नहीं लेते। खुद के नाम पर वोट मांगते हैं, लेकिन इस बार जनता का वोट रोजगार के लिए डलेगा। जनता का संघर्ष क्या है, यह मायने रखता है। महंगाई भाजपा राज में बढ़ी है।

## श्याम महोत्सव और विशाल कलश यात्रा में आएंगे 1 लाख से ज्यादा लोग

# लक्खा बहाएंगे सुरों की गंगा, कई किलोमीटर तक धोई जाएंगी सड़कें

**बेधड़क.जयपुर।** कई किलोमीटर तक धोई जाएंगी सड़कें और फिर उन पर फूलों की चादर बिछाई जाएगी। उस पर बाबा सवारी करेंगे और कलश यात्रा निकाली जाएगी। फिर पांडाल में भजन सम्राट लखविंदर सिंह लक्खा के साथ देश भर के गायक बाबा के भजनों की प्रस्तुतियों से श्याम को रिझाएंगे। करीब 1 लाख से ज्यादा भक्त वहां शिरकत करेंगे और देश भर से आई चीजों से सजे बाबा के दरबार का आनंद लेंगे। ये सब देखने को मिलेगा जयपुर के खंडेलवाल कॉलेज परिसर में। यहां श्रीश्याम भजन संध्या परिवार सेवा समिति के 31वें वार्षिक श्याम महोत्सव का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 6, 7 व 8 अक्टूबर तीन दिनों में लाखों लोग श्याम के रंग में रंगे नजर आएंगे। इसके लिए गुरुवार को पोस्टर विमोचन किया गया और समिति के पदाधिकारी एक मंच पर आए।



### आजादी के दिन शुरू हुआ सिलसिला

बाबा के भक्तों की ओर से बाबा की पहली ज्योत आजादी के दिन जगाई गई थी। तब से आज तक बाबा की पावन ज्योत हर शनिवार को बाबा के किसी भी इच्छुक भक्त के निवास पर निरंतर जगाई जाती है, जिसमें बाबा का शृंगार व स्थानीय भजन प्रवाहकों की ओर से सत्संग भी निरंतर किया जा रहा है। एक कमरे से शुरू हुई ये संस्था श्याम जगत बेहतरीन संस्थाओं में विशेष पहचान रखने लगी। ऐसे में देश के लगभग सभी प्रमुख तीर्थ स्थलों के अलावा विदेशों में भी बाबा की ज्योत जगाकर शृंगार व गुणगान किया गया।

### पहले दिन होगी कलश यात्रा

पहले दिन शुक्रवार को विशाल कलश यात्रा का आयोजन राधा दामोदरजी मंदिर से होगा। वहां से खंडेलवाल कॉलेज शास्त्री नगर जयपुर यात्रा पहुंचेगी। यात्रा संयोजक ललित प्रसाद खंडेलवाल व दुर्गेश योगेश खंडेलवाल ने बताया, कि यात्रा में लगभग 2500 महिलाएं समान गणवेश में सिर पर कलश लिए बाबा का गुणगान व मंगल गीत गाते हुए चलेंगी। गोकुल महेश्वरी ने बताया कि यात्रा का शुभारंभ भक्त शिरोमणि मैयाजी आनंदी देवी शारडा व महंत गोपाल दास महाराज काले हनुमानजी की ओर से बाबा की आरती के बाद होगा। यात्रा में बाबा के आगे हाथी, घोड़े, ऊंट व विशाल लवाजमे के साथ 3 बैंड मंगल ध्वनियां बजाते हुए चलेंगे। यात्रा के स्वागत के लिए 21 स्वागत गेट बनाए गए हैं। रामचरण बोहरा, महेश जोशी, प्रताप सिंह खाचरियावास, अरुण चतुर्वेदी, मोहनलाल गुप्ता, मनोज मुदगल के साथ साथ जयपुर के श्याम प्रेमियों, संस्थाओं व संत महंतों की ओर से बाबा की आरती कर यात्रा का स्वागत किया जाएगा। संस्था अध्यक्ष सुरेश पाटोदिया ने बताया, कि मयूर कॉम्लेक्स के सामने यात्रा के स्वागत के लिए एक विशाल मंच बनाया है। मंच से यात्रा पर फूलों की वर्षा होगी और 1 किमी लंबी सड़क पर फूल बिछाए जाएंगे। 251 दीपों बाबा श्याम की आरती की जाएगी।

### 7-8 को होगा भजनामृत महोत्सव

संस्था मंत्री शंकर झालानी ने बताया 7-8 अक्टूबर को भजनामृत महोत्सव होगा। साथ ही शृंगार के लिए कोलकाता से कारीगर बुलाए गए हैं। सह संयोजक वीरेंद्र गुप्ता ने बताया कि भजन गंगा में लखबीर सिंह लक्खा, श्रीयुत संजय मित्तल, संजू शर्मा, शुभम रूपम, राजू मेंहरा, विकास रुहिया, आशीष सुल्तानिया, विकास कपूर, मनोज शर्मा, संतोष व्यास, मुकेश बागड़ा, आशु वर्मा, जस्सी सैनी के साथ साथ स्थानीय भजन गायक गोविंद निशा शर्मा, अमित नामा, लक्ष्मीकांत खंडेलवाल, अविनाश शर्मा, सुनील शर्मा, महेश परमार, लोकेश शर्मा, आयुष सोमानी, अभिषेक नामा आदि लगातार भजनों की प्रस्तुति देंगे।

## श्रीसम्मेदशिखर के लिए दल रवाना



**बेधड़क. जयपुर।** सम्मेदशिखर की पैदल परिक्रमा व पर्वत वंदना के लिए श्रीविद्यासागर यात्रा संघ के तत्वावधान में 201 भक्तों का यात्रा दल जयपुर जंक्शन से रवाना हुआ। मुख्य संयोजक मनीष चौधरी के नेतृत्व में जयपुर और बाहर के सैकड़ों की संख्या में यात्री रवाना हुए। यात्रा संयोजक कैलाश छाबड़ा ने बताया कि राजस्थान जैन सभा अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन, महामंत्री मनीष बैद, राजस्थान जैन युवा महासभा प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन, महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा, दिगम्बर जैन महासमिति राजस्थान अंचल अध्यक्ष अनिल जैन, बैंकर्स फोरम के अध्यक्ष पदम बिलाला आदि ने रेलवे स्टेशन पंहुच कर यात्रा दल को माला पहनाकर रवाना किया। इस मौके पर श्रीविद्या सागर यात्रा संघ के मनीष चौधरी, कैलाश छाबड़ा, दिपेश छाबड़ा, अखिलेश गंगवाल, मनोज ठोलिया, नितिन पाटनी, गौरव जैन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भगवान पार्श्वनाथ के जयकारे लगाए। संयोजक नितिन पाटनी ने बताया कि यात्रा के दौरान 5 से 11 अक्टूबर तक कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 7 अक्टूबर को तीर्थराज की पैदल वंदना, 8 को श्री सम्मेदशिखर विधान पूजा और 9 अक्टूबर को तीर्थराज की चतुर्थ पैदल परिक्रमा का आयोजन किया जाएगा। मुख्य संयोजक मनीष चौधरी ने बताया कि यात्रा दल 11 अक्टूबर को जयपुर लौटेगा।

## कैंप में की जांच, दिया परामर्श



**बेधड़क. जयपुर।** लाल कोठी स्थित जयपुर हॉस्पिटल में फ्री आर्थोपेडिक सर्जन व जनरल फिजिशियन मेडिकल कैंप में विशेषज्ञों ने परामर्श दिया और जांच की। 3 अक्टूबर को शुरू हुआ कैंप शनिवार तक जारी रहेगा। कैंप की शुरुआत हॉस्पिटल चेयरमैन डॉ. शैलेंद्र शर्मा, मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. करन शर्मा, चीफ एडमिनिस्ट्रेटर डा. प्रदीश शर्मा, ग्रुप चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर डॉ. रितु चौधरी व सभी डॉक्टर्स ने किया। कैंप में आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. प्रमोद जैन व जनरल फिजिशियन डॉ. मयंक गुप्ता ने फ्री परामर्श दिया और जांच की।

## 9 बस्तियों की बेटियां करेंगी दुर्गा पूजा

**बेधड़क. जयपुर।** दुर्गा पूजा इस बार मातृशक्ति के सशक्तीकरण के पर्व के रूप में मनाया जाएगा। 21 अक्टूबर को अजमेर रोड स्थित एक ग्राउंड में होने वाले आयोजन का नेतृत्व शहर की नौ दिशाओं में स्थित बस्तियों की बेटियां करेंगी। एक वर्कशॉप में उन्हें डांडिया और गरबा रास का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस कार्यक्रम की शुरुआत आयोजन स्थल पर हवन के साथ की गई। आयोजक एवं ट्रस्टी राजेश कूलवाल ने बताया कि पहला निमंत्रण मोती डूंगरी गणेश मंदिर में भगवान गणपति को दिया गया। नायसा एकलव्य फाउंडेशन की ओर से सातवें नवरात्र के दिन होने वाले आयोजन के मौके पर मां दुर्गा का दरबार सजाया जाएगा। महोत्सव के दौरान बेस्ट कपल, बेस्ट ड्रेसस तथा बेस्ट डांस सहित कई अन्य प्रतियोगिताएं भी होंगी। लक्की ड्रा में नवरात्रि की तर्ज पर नौ उपहार बांटे जाएंगे।

## City इवेंट्स

### न्यू एज ट्रेंड्स की जानकारी दी



**बेधड़क. जयपुर।** स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट एंड ग्रामोत्थान में एक दिवसीय नेशनल सेमिनार का आयोजन डिपार्टमेंट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज द्वारा इंस्टिट्यूशन इन्नोवेशन काउंसिल, मिनिस्ट्री ऑफ एमएसएमई और फॉर्टी वुमन विंग के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि असिस्टेंट डायरेक्टर एमएसएमई अनिला चोरड़िया, असिस्टेंट डायरेक्टर एमएसएमई संजय मीना, लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर पीएम बुनकर, जनरल सेक्रेटरी फोर्टी ललिता कुचाल ने शिरकत की। शुरुआत में एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर सविता चौधरी ने आगंतुकों का स्वागत किया। डायरेक्टर एकेडमिक प्रोफेसर एसएल सुराना के स्वागत उद्बोधन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। सेमिनार संयोजिका डॉ मनीषा कौशिक ने सेमिनार के विषय न्यू एज ट्रेंड्स इन एंटरप्रेन्योरशिप पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में विभागाध्यक्ष डॉ. ओना लाडीवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### करणी माता पदयात्रा 9 को जाएगी

**बेधड़क. जयपुर।** देशनोक करणी माता मंदिर के लिए जयपुर से पदयात्रा 9 अक्टूबर को रवाना होगी। पद यात्रा श्री करणी मंदिर चारण छात्रावास बनीपार्क से सुबह 8 बजे रवाना होकर रात्रि विश्राम उमराव मैरिज गार्डन गोकुलपुरा में करेगी। यहां पर जागरण होगा। यात्रा समिति के अध्यक्ष अम्बादान सिंह ने बताया कि इसके बाद अगले दिन 10 अक्टूबर को सुबह 7 बजे श्री करणी मंदिर गोकुलपुरा से पदयात्रा रवाना होकर रात्रि विश्राम आईदान का बास स्थित श्री करणी सुख धाम प्रकाश बाईसा महाराज के यहां होगा। वहीं, 11 अक्टूबर को सुबह आईदान का बास से रवाना होकर चंदपुराराय मंदिर के दर्शन करते हुए दोपहर को बंधे के बालाजी एवं रात्रि विश्राम फुलेरा में होगा। 12 अक्टूबर को सुबह हिंगलाज धाम मंडपी दर्शन कर पदयात्री रवाना होंगे जो रात्रि विश्राम मरवा ग्राम में करेंगे। 13 अक्टूबर को रात्रि विश्राम मोरेड़ कर 14 अक्टूबर को दोपहर की आरती श्रीमंढ खुड़द धाम में करेंगे।

### दिल्ली के फूलों से सजा नारायणधाम



**बेधड़क. जयपुर।** रेलवे स्टेशन स्थित नृसिंह बगीची में श्री नारायणधाम में त्रिवेणीधाम के ब्रह्मपीठाधीश्वर पद्मश्री नारायणदास जी महाराज का अमृत महोत्सव जन्मदिवस ब्रह्मपीठाधीश्वर रामरतनदास महाराज के सानिध्य में मनाया गया। इस अवसर नारायणदास जी महाराज के दिल्ली के फूलों से विशेष झांकी सजाई गई। इस दौरान भजन संध्या का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर तामड़िया धाम के बजरंग दास महाराज, महामंडलेश्वर बालमुकंदाचार्य हाथोज, सामोद खेड़ापति के प्रेमदास महाराज, नारायणपुर से जनार्दन दास महाराज, अरणिया धाम से हरि दास महाराज, उपेन्द्र रमाकांत टीलावत पारस आदि उपस्थित थे।

## सात दिन तक चलेगा महोत्सव

# 'दानोत्सव' में प्रतिदिन किसी न किसी दान में सहयोग करेंगे छात्र



**बेधड़क | जयपुर**

रावत पब्लिक स्कूल, प्रताप नगर एवं अक्षेंद्र वेलफेयर सोसायटी के सहयोग से 2 से 8 अक्टूबर के मध्य दानोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक एवं अक्षेंद्र वेलफेयर सोसायटी के सचिव नरेंद्र सिंह रावत ने बताया कि 7 दिवसीय इस कार्यक्रम में अन्नदान, समय दान, सेवा दान, श्रम दान, वस्त्र दान, क्षमा दान एवं पुस्तक दान को सम्मिलित किया गया है। इसमें प्रत्येक विद्यार्थी को प्रतिदिन किसी न किसी दान में अपना सहयोग देना होगा। इस कार्यक्रम के तहत सभी विद्यार्थी जरूरतमंदों तक जाकर अपना यथा संभव योगदान दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि पूरी टीम कर्मठता और लगन के साथ इस पुण्य कार्य में संलग्न है।

गांधी जयंती पर भी ह्यूमन लाइफ फाउंडेशन पर जाकर विद्यालय की शिक्षिकाओं एवं अक्षेंद्र वेलफेयर सोसायटी के सभी सदस्यों ने वस्त्र दान और पुस्तक दान किया। इसी दिन वृद्धाश्रम जाकर समयदान एवं अन्नदान किया। विद्यालय के सभी 2000 से अधिक विद्यार्थी एवं स्टाफ के साथ अक्षेंद्र वेलफेयर सोसायटी के 3000 से अधिक वॉलंटियर इस अभियान से जुड़े हैं। रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन एवं अक्षेंद्र वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष बीएस रावत ने सभी से सहयोग करने का अनुरोध किया। रावत पब्लिक स्कूल, प्रताप नगर की प्राचार्या मैत्रेयी शुक्ला ने सभी विद्यार्थियों को दानोत्सव में अधिक से अधिक भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

### विकास समिति की बैठक 15 को

**जयपुर।** श्री कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास समिति, जयपुर की बैठक 15 अक्टूबर को कार्यालय के निकट उद्यान में सुबह 11 बजे आयोजित की जाएगी। बैठक में समिति के कार्यों और आगामी योजनाओं पर चर्चा की जाएगी। समिति के संस्थापक अध्यक्ष दयाशंकर मिश्रा ने बताया यह बैठक रजिस्ट्रार, संस्थाएं जयपुर की ओर से 12 सितंबर को दिए गए नोटिस की अनुपालना में आयोजति की जा रही है।

### सेलिब्रिटी के साथ करेंगे डांडिया

**जयपुर।** लेडीज क्लब एक साथ गरबा और डांडिया रास में कदम से कदम मिलाएंगे। मौका होगा प्रखर नवनीत के डांडिया महोत्सव का, जिसमें सैकड़ों की संख्या में महिलाएं मां दुर्गा की दीपकों से आरती करेंगी।

जेएलएन मार्ग स्थित मैरिज पैराडाइज में 20-21 अक्टूबर को होने वाले डांडिया महोत्सव की आयोजक भारती खंडेलवाल ने बताया कि लेडीज क्लब का यह डांडिया लगातार छठा आयोजन है। क्लब की निःशुल्क डांडिया क्लासेस लगेंगी व हर क्लब को 5 पुरस्कार दिए जाएंगे।

## 8 को जयपुर में जुटेंगे विप्रजन

**बेधड़क. जयपुर।** सुबोध लॉ कॉलेज ऑडिटोरियम मानसरोवर में 8 अक्टूबर को प्रातः 10:00 से 1:00 तक गैर राजनीतिक गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इसमें ब्राह्मण समाज के प्रबुद्धजन जुटेंगे और समाज को सकारात्मक दिशा में कदम बढ़ाने के लिए कई प्रस्ताव लेंगे। आर्थिक, राजनीतिक, प्रशासनिक, सामाजिक, शैक्षिक, विचार मंथन और मातृ शक्ति और युवाओं के संवर्धन जैसे सभी विषयों पर विमर्श किया जाएगा। जीपी शुक्ला, पूर्व आईपीएस हरिप्रसाद शर्मा और लक्ष्मण गौर ने बताया कि कार्यक्रम में आने वाले लोगो की विभिन्न श्रेणियां बनाई गई है, उन सभी श्रेणियों से प्रोफेशनल लोग ऐसे कार्यक्रमों के नाते समाज में जुड़ेंगे।

## डांडिया पोस्टर का विमोचन



**बेधड़क. जयपुर।** नवरात्रि में शहर में डांडिया महोत्सव की धूम रहेगी। इसी कड़ी में कंवर नगर स्थित श्रीझूलेलाल मंदिर गार्डन में 15 अक्टूबर को डांडिया नाइट का आयोजन होगा। डांडिया नाइट का पोस्टर विमोचन जयपुर में किया गया। आयोजक भाविशा देवनानी और श्रेया देवनानी के साथ ही समाज सेविका रिया डागरा मौजूद रहीं। उन्होंने बताया कि अभी तक डांडिया में सैकड़ों लोगों ने सीखने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। डांडिया नाइट में बेस्ट करने वालों को प्राइज देकर सम्मानित किया जाएगा और कई प्रकार के टाइटल्स दिए जाएंगे।

**प्रतियोगिता** पंजाब, आंध्रप्रदेश और त्रिपुरा ने जीते मुकाबले

# रोमांचक मुकाबलों में फुटबॉल में गर्ल्स ने दिखाया दम

**बेधड़क | जयपुर**

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के तत्वाधान में राजस्थान फुटबॉल संघ की ओर से रॉयल फुटबॉल क्लब मैदान पर राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में कई रोचक मुकाबले देखने को मिले। मध्यप्रदेश व पंजाब के बीच हुए मैच में पंजाब ने शानदार खेल के दम पर 4-1 से मैच अपने नाम किया। शुरुआत से ही पंजाब ने मध्य प्रदेश पर पकड़ बनाए रखी, लेकिन 25वें मिनट में मध्य प्रदेश की खुशी राजपूत ने गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। यह बढ़त ज्यादा समय तक नहीं रही और मैच के 27वें मिनट में पंजाब को पेनल्टी मिली और गुरनाज कौर ने गोल कर स्कोर बराबर कर दिया। मध्य प्रदेश की टीम मैच में वापसी नहीं कर पाई और राधा (34 मिनट), गुरनाज (49 मिनट), महिमा (71 मिनट) ने गोल कर मैच पंजाब के नाम कर दिया। प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड पंजाब की गुरनाज को दिया गया।



### आंध्र प्रदेश ने पांडिचेरी को 3-1 से पराजित किया

वहीं प्रतियोगिता के दूसरे राउंड में आंध्र प्रदेश ने पांडिचेरी को 3-1 से पराजित किया। शाम को खेले गए दूसरे मैच में त्रिपुरा ने चंडीगढ़ टीम को 3-0 से पराजित किया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि अरुण उपाध्याय एकेडमिक जनरल सेंट्रल एकेडमी स्कूल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में राम सिंह प्राचार्य बीजेएस गर्ल्स कॉलेज थे। इस अवसर पर राजस्थान राज्य फुटबॉल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत तथा रेफरी बोर्ड अध्यक्ष महेंद्र सिंह बिजानिया व राजस्थान फुटबाल संघ संरक्षक जय नारायण गहलोत उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सचिव दिनेश सिंह चौहान ने किया।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क

जयपुर, शुक्रवार, 06 अक्टूबर, 2023





अच्छे इरादों से की गई मेहनत कभी बेकार नहीं जाती

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### जापान में जोरदार भूकंप: झटकों के बाद जारी की गई चेतावनी

# फिर मंडराया सुनामी का खतरा

**एजेंसी** | टोक्यो

जापान ने प्रशांत महासागर में अपने बाहरी द्वीपों के पास गुरुवार को आए 6.6 तीव्रता के भूकंप के बाद सुनामी की चेतावनी जारी की है। अधिकारियों का कहना है कि संभावित सुनामी एक मीटर की ऊंचाई तक पहुंच सकती है। यह एडवाइजरी, चार-चरणों वाली चेतावनी प्रणाली का दूसरा सबसे निचला स्तर है। इसमें लोगों से इजू श्रृंखला के द्वीपों, तटों और नदी के मुहाने से दूर रहने के लिए कहा गया है। इजू श्रृंखला मुख्य जापानी द्वीप होंशू पर टोक्यो क्षेत्र से दक्षिण तक फैला हुआ है। मौसम विज्ञान एजेंसी ने कहा है कि गुरुवार की सुबह प्रशांत महासागर के तटीय क्षेत्र में 10 किमी की गहराई में रिक्टर स्केल पर 6.6 तीव्रता का भूकंप आया। हालांकि, भूकंप के झटके द्वीपों या टोक्यो क्षेत्र में महसूस नहीं किए गए, लेकिन मौसम विज्ञान एजेंसी ने चेतावनी दी है कि द्वीपों के तटीय क्षेत्रों में 1 मीटर तक ऊंची सुनामी आ सकती है। हाचिजो द्वीप पर येने क्षेत्र में लगभग 30 सेमी की छोटी सुनामी देखी गई।



### पाकिस्तान: अपनों से ही डबल गेम खेल रही सरकार

# तेल को तरसे, अब गैस की आफत

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

गले तक कर्ज में डूबे पाकिस्तान में लोगों का जीना मुहाल हो गया है। महंगाई के चलते आटा-चावल का दाम आसमान छू रहा है। लोग बूंद-बूंद तेल को तरस रहे हैं। अब वहां गैस पर भी आफत पड़ने वाली है।

पाकिस्तानी सरकार आए दिनों अपने लोगों पर हर रोज नए फरमान सुनाकर जुल्म करती रहती है। पहले पाकिस्तानी सरकार ने तेल का दाम में बेहिसाब इजाफा किया और वहां गैस की आपूर्ति में भी कटौती की जा रही है।

पाकिस्तान में प्राकृतिक गैस के घटते भंडार के बीच कार्यवाहक ऊर्जा मंत्री मुहम्मद अली ने कहा है कि सर्दियों में गैस केवल आठ घंटे उपलब्ध होगी। अली ने बुधवार को इस्लामाबाद में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, पिछले कई महीनों से लोडशेडिंग बढ़ गई है।

इस बार फिर लोडशेडिंग जारी रहेगी, क्योंकि हमारे पास 24 घंटे आपूर्ति करने के लिए पर्याप्त गैस नहीं है।



#### खूब हो रही बिजली की चोरी

बिजली चोरों पर चल रही कार्रवाई के बारे में बोलते हुए मंत्री अली ने कहा कि जारी कार्रवाई के दौरान अब तक बिजली बकाएदारों से 16 अरब रुपए की राशि वसूल की गई है, जो आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि सभी बिजली वितरण कंपनियों (डिस्को) के निदेशक मंडल (बीओडी) को बदलने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि डिस्को का प्रबंधन दीर्घकालिक रियायत पर निजी क्षेत्र को सौंपा जाएगा।

#### बढ़ती जा रही आवाम की मुसीबत

पाकिस्तान की आवाम की हर दिन मुसीबत बढ़ती जा रही है। हर महीने वहां तेल और बिजली के बिलों में इजाफा हो रहा है। बढ़ते हुए बिजली बिल की वजह से पाकिस्तानी आवाम ने पहले ही माथा पकड़ा हुआ है। ऊपर से अब सरकार ने पेट्रोल-डीजल की कीमत में भी इजाफा कर दिया गया। पड़ोसी मुल्क में पेट्रोल-डीजल की कीमतें 300 पार पिछले महीने में ही चली गई थी। सरकार की तरफ से तेल की कीमतें बढ़ाने का फैसला ऐसे समय पर लिया गया था जब महंगाई की मार पहले से ही झेल रहे हैं।

### यूक्रेनी हमलों से डरा रूस काला सागर से हटा

# पुतिन के लिए बड़ा झटका

**एजेंसी** | मॉस्को

रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध के निर्णायक मोड़ ले लिया है। पहले जहां रूसी खेमा यूक्रेन की खूबसूरत धरती को बर्बाद कर रहा था, अब यूक्रेनी लड़ाके रूस को बड़ी चोट दे रहे हैं। अमेरिका और पश्चिमी देशों से मिले घातक हथियारों के दम पर यूक्रेन ने अब रूस के अंदर ही धमाके करने शुरू कर दिए हैं।

कुछ दिन पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडोमिर जेलेंस्की ने भी कहा था कि अब वे आक्रामक बन रहे हैं। कई मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया है कि रूस ने कब्जे वाले क्रीमिया क्षेत्र से अपना काला सागर बेड़ा हटा लिया है। सूत्रों के अनुसार, यह यूक्रेन के मिसाइल और ड्रोन हमलों में वृद्धि से डरकर लिया गया फैसला है। अगर ये रिपोर्ट्स सही हैं तो ये रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए सबसे बड़ा झटका होगा जिन्होंने 2014 में यूक्रेन से क्रीमिया पर कब्ज़ा कर लिया था।



#### सैटेलाइट तस्वीरों के हवाले से दी खबर

NYT ने सैटेलाइट तस्वीरों का हवाला देते हुए 5 अक्टूबर को दावा किया कि रूस ने सेवस्तोपोल से तीन हमलावर पनडुब्बियों और दो युद्धपोतों को रूस और क्रीमिया के अन्य बंदरगाहों पर स्थानांतरित कर दिया है। उधर, टेलीग्राफ ने बताया कि रूसी काला सागर बेड़ा "यूक्रेन युद्ध के दक्षिणी किनारे पर समवर्ती खतरों से निपटने के लिए संघर्ष कर रहा है" और "सेवस्तोपोल के खतरों के मद्देनजर बेड़े की गतिविधियां नोवोरोस्सियस्क में स्थानांतरित होने की संभावना है"। अगर ये रिपोर्ट्स सही हैं तो ये रूसी राष्ट्रपति पुतिन के लिए सबसे बड़ा झटका होगा।

#### यूक्रेन कर रहा जवाबी कार्रवाई

यूक्रेनी हमलों ने पिछले महीने रूस के नौसेना मुख्यालय को नष्ट कर दिया था और डॉक किए गए युद्धपोतों को क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे बंदरगाह शहर नौसैनिक अड्डे के रूप में अस्थिर हो गया। हालिया हमले ने न केवल रूस को काला सागर के कुछ हिस्सों तक पहुंच से वंचित कर दिया है, बल्कि यूक्रेन को महत्वपूर्ण अनाज शिपमेंट भेजने के लिए एक नया गलियारा खोलने की भी अनुमति दे दी है।

### जो बाइडेन का खूंखार कुत्ता 'कमांडर' व्हाइट हाउस से हटाया गया

# कई सीक्रेट एजेंटों व कर्मचारियों को काटा

**एजेंसी** | वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के खूंखार कुत्ते 'कमांडर' को व्हाइट हाउस से हटा दिया गया है। एक प्रवक्ता ने कहा, यह कार्रवाई उसके कई कई सीक्रेट एजेंटों को काटने के बाद की गई है।

बाइडेन ने दो साल के जर्मन शेफर्ड को एक अज्ञात स्थान पर भेज दिया है। यह घोषणा सीएनएन और एक्सियोस की रिपोर्ट के बाद आई कि कमांडर, जो 2021 में व्हाइट हाउस पहुंचा था। सीक्रेट सर्विस ने स्वीकार किया है कि उसके 11 एजेंटों को कमांडर ने काटा है। मीडिया रिपोर्ट है कि वास्तविक संख्या इससे कहीं ज्यादा है। सीएनएन ने कहा कि वास्तविक संख्या अधिक थी और कुत्ते ने सिर्फ सीक्रेट एजेंट ही नहीं व्हाइट हाउस के अन्य कर्मचारियों को भी काटा है।

बाइडेन की पत्नी जिल के संचार निदेशक एलिजाबेथ अलेक्जेंडर ने एक बयान में कहा, "राष्ट्रपति और प्रथम महिला व्हाइट हाउस में काम करने वालों और हर दिन उनकी सुरक्षा करने वालों की सुरक्षा के बारे में गहराई से परवाह करते हैं। इसलिए कमांडर को व्हाइट हाउस से हटा दिया गया है। उसे किसी अज्ञात जगह रखा गया है। वे सभी लोगों के धैर्य और समर्थन के लिए आभारी हैं, क्योंकि वे समस्य के बावजूद अपना लगातार अपना काम कर रहे थे।"




## ईरान में एक और महसा अमिनी कांड!

**तेहरान।** ईरान में हिजाब को लेकर सख्ती वाली मोरल पुलिस ने 16 साल की एक लड़की को पीट-पीट कर कोमा में पहुंचा दिया है। लड़की की हालत नाजुक बनी हुई है और उसका इलाज हो रहा है। इस लड़की का नाम अर्मिता गारवांड है जिसे मोरल पुलिस ने बुरी तरह पीटा था। हालांकि ईरान के अफसर का कहना है कि लो ब्लड प्रेशर होने के कारण किशोरी अर्मिता बेहोश हो गई थी।

### नेपाल में पहली बार हिन्दुओं पर हमले

# अनिश्चितकाल के लिए लगा कर्फ्यू

**एजेंसी** | नई दिल्ली


पड़ोसी देश नेपाल में भड़की साम्प्रदायिक हिंसा में कट्टरपंथी समूहों ने हिन्दुओं पर कहर बरपाया है। उत्तर प्रदेश से सटे शहर नेपालगंज में बीफ विवाद से साम्प्रदायिक हिंसा भड़की और देखते-ही देखते पूरे शहर को अपनी चपेट में ले लिया। दोनों पक्षों की तरफ से पत्थरबाजी और आगजनी की घटनाओं में शहर धूं-धूं कर जल उठा है। नेपाल प्रशासन ने सांप्रदायिक तनाव को देखते हुए सीमावर्ती शहर में अनिश्चितकाल के लिए कर्फ्यू लगा दिया है। हिंसा की जो तस्वीरें सामने आई हैं, उसमें साफ दिख रहा है कि कट्टपंथी समूह छतों पर से हिन्दुओं पर पत्थर बरसा रहे हैं। हाथों में धार्मिक ध्वजा लिए हिन्दू भाग रहे हैं और छतों पर से उन पर ईंट-पत्थर बरसाए जा रहे हैं। शहर के कई इलाकों में आगजनी भी हुई है। कुछ जगहों पर पेट्रोल बम फेंके गए और कई राउंड फायरिंग भी हुई है। इस घटना को देखते हुए उत्तर प्रदेश के सटे इलाकों में भी अलर्ट घोषित कर दिया गया है। नेपालगंज पिछले दो दिनों से जल रहा है।

### अंतरिक्ष का खजाना

# उल्कापिंड की धूल सोने से भी कीमती

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

वैज्ञानिकों ने हाल ही में एस्टेरॉयड बेन्नू की पहली झलक देखी है। वैज्ञानिकों को उनकी अपेक्षा से कहीं ज्यादा अच्छा नमूना मिला है। हाल ही में उल्कापिंड बेन्नू का सैंपल एक कैप्सूल के जरिए धरती पर पहुंचा है। 26 सितंबर को वैज्ञानिकों ने जब नमूने वाला कनस्तर खोला तो भारी मात्रा में गहरे महीन दाने वाली सामग्री मिली। कनस्तर की दीवारों पर धूलभरे कण थे। मूल नमूने के विश्लेषण से पहले यह धूल जैसे कण महत्वपूर्ण जानकारी दे सकते हैं। अभी बड़े सैंपल वाले कनस्तर को नहीं खोला गया है। सैंपल भरा कैप्सूल 24 सितंबर को अमेरिका के यूटा रेगिस्तान में लैंड हुआ। नासा ने उल्कापिंड बेन्नू के लिए ओसाइरिस रेक्स मिशन चलाया था।



#### सैंपल निकालने को बनाया क्लीन रूम

मिशन टीम ने ह्यूस्टन में नासा के जॉनसन स्पेस सेंटर में पहुंचने के अगले दिन इस कैप्सूल को खोला। इसे खोलने के लिए एक क्लीन रूम बनाया गया था। एस्टेरॉयड ब्रह्मांड के निर्माण से जुड़े अवशेष हैं। इससे यह पता लगाया जा सकता है कि जब ग्रह बने तो शुरुआती दिनों में किस तरह थे। हालांकि, धरती के करीब का उल्कापिंड हमारे लिए खतरा भी पैदा करता है। इस तरह के उल्कापिंड भविष्य में पृथ्वी से टकरा सकते हैं। ऐसे में हमारे लिए इनका रास्ता बदलने से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी सैंपल से मिल सकती है।

#### 11 को देखेंगे असली सैंपल

अक्टूबर 2020 में जब यह अंतरिक्ष यान बेन्नू की सतह पर गया तो पत्थर उछल गए थे। अभी उल्कापिंड का वास्तविक नमूना सामने नहीं आया है। 11 अक्टूबर के बाद इस नमूने को अलग किया जाएगा, जिसके बाद दुनिया यह जान सकेगी कि आखिर यह कैसा दिखता है। ओसाइरिस रेक्स मिशन के नमूना विश्लेषण टीम की सदस्य लिंडसे केलर ने एक बयान में कहा, 'हमारे पास सभी माइक्रोएनालिटिकल तकनीकें हैं, जिन्हें हम वास्तव में इसे परमाणु के स्तर तक देख सकते हैं।'

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** पंकज सोनी*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl